वर्ष 24, अंक 273, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 10 अप्रैल 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को चीन का करारा जवाब

### अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर लगाया 84 फीसदी का टैरिफ





**अमेरिका : डोनाल्ड** ट्रंप के 104 फीसदी टैरिफ का जवाब देते हुए चीन ने अब अमेरिका पर 84 फीसदी का टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है. अमेरिका और चीन के ट्रेड वॉर ने एक नया मोड़ ले लिया है. बिजिंग ने अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी सामानों पर 84 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है.

**10 अप्रैल से लागू होंगे नए टैरिफ**

चीनी वित्त मंत्रालय ने कहा है कि ये अतिरिक्त टैरिफ 10 अप्रैल से अमेरिकी सामानों पर लागू होंगे. इससे पहले चीन ने अमेरिकी उत्पादों पर 34 फीसदी टैरिफ लगाने की बात कही थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 84 फीसदी कर दिया गया है.

**अमेरिकी कंपनियों पर भी शिकंजा कसा**

चीन के कॉमर्स मिनिस्ट्री ने भी अमेरिका को जवाब देते हुए 12 अमेरिकी संस्थाओं को अपनी एक्सपोर्ट कंट्रोल लिस्ट में डाल दिया है. साथ ही, 6 अमेरिकी कंपनियों को "अविश्वसनीय संस्थाओं" (वल्ल१ीुंी एल्ल३३८) की लिस्ट में शामिल किया गया है.

**अमेरिका ने लगाया था 104 फीसदी टैरिफ**

व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलाइन लेविट ने कहा था कि चीन की जवाबी कार्रवाई एक भारी गलती थी. मंगलवार को उन्होंने कहा, "जब अमेरिका पर कोई वार करता है, तो राष्ट्रपति ट्रंप और जोर से पलटवार करते हैं. यही वजह है कि अब चीन पर मंगलवार रात 12 बजे से 104 फीसदी टैरिफ लागू हो गया है. हालांकि, अगर चीन बातचीत करना चाहता है, तो राष्ट्रपति ट्रंप बेहद उदारता से उसका स्वागत करेंगे."

**अमेरिकी स्टॉक मार्केट पर भी असर**

इस ऐलान के बाद अमेरिकी स्टॉक इंडेक्स फ्यूचर्स में भी तेज गिरावट देखी गई. यह खबर ऐसे समय में आई है जब ट्रंप प्रशासन ने कल ही चीन से आयात होने वाले सामानों पर 104 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने का फैसला किया था।

CWC की बैठक में राहुल गांधी ने कह दी बड़ी बात

## 'आरक्षण में 50 परसेंट की दीवार को हम तोड़ देंगे'



**अहमदाबादः अहमदाबाद** में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपनी पार्टी के इतिहास के बारे में बताया. उन्होंने कहा, "100 साल पहले महात्मा गांधी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष बने थे और 150 साल पहले सरदार पटेल जी का जन्म हुआ था. ये दोनों कांग्रेस पार्टी की नींव हैं. उन्होंने कहा कि मैं पिछड़ों के लिए काम कर रहा हूं."

**'तेलंगाना में कांग्रेस ने क्रांतिकारी कदम उठाया'**

अक्छउ के अधिवेशन में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि तेलंगाना में जाति जनगणना करके हमने एक क्रांतिकारी कदम उठाया है. उन्होंने कहा, "हमें ये पता लगाना था कि इस देश में किसकी-कितनी भागीदारी है. मैंने संसद में पीएम मोदी से कहा कि आप जाति जनगणना कराइये. देश को मालूम होना चाहिए कि दलित कितने हैं, पिछड़े कितने हैं, गरीब जनरल वर्ग के कितने लोग हैं."

**'आरक्षण में 50% की दीवार को हम तोड़ देंगे'**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, "पीएम मोदी और आरएसएस ने साफ कर दिया है कि हम जातिगत जनगणना नहीं करना चाहते हैं. हम छिपाना चाहते हैं. मैंने बोल दिया, आप छिपाइए जितना छुपाना है. हम यहीं से जातिगत जनगणना पास करेंगे. मैं फिर से दोहरा के कह रहा हूं कि 50 फीसदी आरक्षण की जो दीवार है, इसको हम पूरे देश में तोड़ देंगे. हम आरक्षण में 50 परसेंट की दीवार को हम तोड़ देंगे. हमने जो तेलंगाना में किया वही हम दिल्ली में पूरे हिंदुस्तान के लिए करने जा रहे हैं."

**'कहां गई पीएम मोदी की 56 इंच की छाती'**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बांग्लादेश और यूएस के टैरिफ मुद्दों पर पीएम मोदी को घेरा. उन्होंने कहा, "हमारे प्रधानमंत्री कहीं भी मत्था टेक देते हैं. बांग्लादेश उल्टा बयान देता है और पीएम मोदी उसका साथ देते हैं. ट्रंप ने पीएम मोदी से कहा कि अब गले नहीं टैरिफ लगाएंगे।

## 2020 दिल्ली दंगाः अपने खिलाफ जांच के आदेश को कपिल मिश्रा ने दी चुनौती



**नई दिल्ली**

**दिल्ली** के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगों 2020 के संबंध में आगे की जांच के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की है। आगे की जांच के आदेश के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा एक और याचिका दायर की गई है। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आगे की जांच के लिए एक आदेश पारित किया था। दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को 2020 के उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगों के मामले में आगे की जांच के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की। दिल्ली पुलिस ने भी आगे की जांच के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की है। पिछले हफ्ते, दिल्ली की एक अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी में 2020 के दंगों में कपिल मिश्रा की कथित भूमिका की जांच के लिए एफआईआर का आदेश दिया था। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने "प्रथम दृष्टया" संज्ञेय अपराध पाया और कहा कि घटनास्थल पर मिश्रा की मौजूदगी से इंकार नहीं किया जा सकता है और मामले में उनके और अन्य के खिलाफ जांच की आवश्यकता है। न्यायाधीश ने कहा था कि यह स्पष्ट है कि मिश्रा कथित अपराध के समय इलाके में थे... आगे की जांच की आवश्यकता है।

## मेघालय सरकार का बड़ा फैसला, रिटायर HC जजों को मुफ्त बिजली, मोबाइल रिचार्ज, पेट्रोल उपलब्ध कराएगी



**मेघालय**

**मुख्यमंत्री** ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इस निर्णय की घोषणा करते हुए कहा, "मंत्रिमंडल ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के सचिवीय सहायक और घरेलू सहायक नियम 2013 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों में वृद्धि का प्रस्ताव दिया है, और हमें इसे मंजूरी देते हुए खुशी हो रही है।

सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों के कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा के नेतृत्व में मेघालय मंत्रिमंडल ने मेघालय उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीशों और न्यायाधीशों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों में पर्याप्त वृद्धि को मंजूरी दे दी है। यह विकास सेवानिवृत्त न्यायाधीशों द्वारा बेहतर सेवानिवृत्ति भत्ते की मांग के प्रस्ताव के बाद हुआ है। आधिकारिक बयान के अनुसार, नए स्वीकृत लाभों में हर महीने 1,000 यूनिट मुफ्त बिजली, 4,200 रुपये (करों को छोड़कर) का मोबाइल रिचार्ज भत्ता और 100 लीटर पेट्रोल शामिल हैं। ये वृद्धि "सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के सचिवीय सहायक और घरेलू सहायक नियम, 2013" में संशोधन का हिस्सा हैं, जो अपने सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इस निर्णय की घोषणा करते हुए कहा, "मंत्रिमंडल ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के सचिवीय सहायक और घरेलू सहायक नियम 2013 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों में वृद्धि का प्रस्ताव दिया है, और हमें इसे मंजूरी देते हुए खुशी हो रही है। हालांकि, अगर सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को फिर से नियुक्त किया जाता है या वे आयोगों की अध्यक्षता जैसी विशिष्ट आधिकारिक भूमिकाएं निभाते हैं, तो नए लाभ वापस ले लिए जाएंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि ये लाभ उन लोगों के लिए आरक्षित हैं जो ऐसी क्षमताओं में शामिल नहीं हैं।

## भारत आएगा 26/11 का आरोपी तहव्वुर राणा

### शहीद मृतकों को मिलेगी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली**

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में प्रत्यर्पण को रोकने की उनकी अंतिम याचिका को खारिज कर दिया। सूत्रों का कहना है कि उन्हें वापस लाने के लिए कई एजेंसियों वाली भारतीय टीम फिलहाल अमेरिका में है। राणा को लॉस एंजिल्स में एक संघीय हिरासत केंद्र में रखा गया है और उसे 2008 के हमलों के मुख्य साजिशकताओं में से एक पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड हेडली के साथ संबंध रखने के लिए जाना जाता है।

भारत 26/11 मुंबई आतंकी हमलों में शामिल होने के आरोपी तहव्वुर राणा को वापस लाने की तैयारी कर रहा है, लेकिन इस हत्याकांड में मारे गए एक पुलिस कांस्टेबल के पिता ने पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक के लिए मौत की सजा की मांग की है। ताज महल पैलेस होटल में आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद हुए एसआरपीएफ कांस्टेबल राहुल शिंदे के पिता सुभाष शिंदे ने कहा कि राणा को मौत की सजा देना 166 नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों सहित सभी पीड़ितों के लिए उचित श्रद्धांजलि" होगी। महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में अपने घर से बोलते हुए शिंदे ने कहा कि चूंकि राणा की भूमिका सामने आ गई है, इसलिए उसे फांसी पर लटका दिया जाना चाहिए। उस हमले का सदमा 16 साल बाद भी हमें परेशान करता है।

64 वर्षीय राणा को जल्द ही अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किए जाने की उम्मीद है।

सुरक्षाबलों से मुठभेड़ जारी, तीन आतंकवादियों को चारों ओर से घेरा गया

## कठुआ के बाद अब उधमपुर में आतंकी एक्टिव



**जम्मू-कश्मीर**

**डीआईजी** उधमपुर-रियासी रेंज रईस मोहम्मद भट ने कहा कि कम से कम दो से तीन आतंकवादी फंस गए हैं। उन्होंने कहा, "गोलीबारी जारी है।" उधमपुर जिले के रामनगर के मार्टा गांव में सुरक्षा बलों और संदिग्ध आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है।

एक बार फिर से जम्मू-कश्मीर में आतंकियों और सुरक्षा बल के बीच मुठभेड़ शुरू हुई है। कठुआ- आर एस पुरा और पूंछ के बाद इस बार आतंकियों का निशाना उधमपुर था। जहां आतंकी छुपे हुए थे। रक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया और तीन आतंकियों को फंसा लिया है। उधमपुर पुलिस ने एक्स पर कहा, "पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान के दौरान, उधमपुर के रामनगर थाना क्षेत्र के जोफर गांव में आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया गया।"

उधमपुर जिले में गोलीबारी जारी

डीआईजी उधमपुर-रियासी रेंज रईस मोहम्मद भट ने कहा कि कम से कम दो से तीन आतंकवादी फंस गए हैं।

उन्होंने कहा, "गोलीबारी जारी है।" उधमपुर जिले के रामनगर के मार्टा गांव में सुरक्षा बलों और संदिग्ध आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य बलों द्वारा तलाशी अभियान के दौरान, आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया गया। पिछले सप्ताह ही कठुआ के बिलावर इलाके में पंजतीर्थी मंदिर के पास जैश के तीन आतंकवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान फंस गए थे। भारतीय सेना की राइजिंग स्टार कोर, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ मिलकर 1 अप्रैल को संभावित 'आतंकवादी' गतिविधि के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद इस क्षेत्र में तलाशी अभियान चला रही थी।

## मेंटल हॉस्पिटल जाना पसंद करूंगा- कुणाल कामरा




**मुबंई**

**कॉमेडियन ने** यह भी कहा कि उन्हें करीब 500 बार जान से मारने की धमकियां मिली हैं। अब कॉमेडियन ने रियलिटी शो 'बिग बॉस' को लेकर भी अपनी राय रखी है, जो काफी चौंकाने वाली है क्योंकि उन्हें इस शो के लिए अप्रोच किया गया था। कुणाल कामरा ने इंस्टाग्राम पर कास्टिंग डायरेक्टर से बातचीत का स्क्रीनशॉट शेयर किया, जिसमें उन्होंने शो के लिए कॉमेडियन से संपर्क किया था और खुद को आने वाले सीजन का कास्टिंग एजेंट बता रहे थे। कॉमेडियन कुणाल कामरा अपने पिछले शो के बाद से चर्चा में हैं। शो के दौरान उन्होंने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर पैरोडी गाना गाया था, जिसके बाद बवाल मच गया था। मामला कोर्ट तक पहुंचा और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के साथ ही समन भी जारी किए गए। कॉमेडियन ने यह भी कहा कि उन्हें करीब 500 बार जान से मारने की धमकियां मिली हैं। अब कॉमेडियन ने रियलिटी शो 'बिग बॉस' को लेकर भी अपनी राय रखी है, जो काफी चौंकाने वाली है क्योंकि उन्हें इस शो के लिए अप्रोच किया गया था। कुणाल कामरा ने इंस्टाग्राम पर कास्टिंग डायरेक्टर से बातचीत का स्क्रीनशॉट शेयर किया, जिसमें उन्होंने शो के लिए कॉमेडियन से संपर्क किया था और खुद को आने वाले सीजन का कास्टिंग एजेंट बता रहे थे।

उन्होंने मैसेज में लिखा कि मैं बिग बॉस के इस सीजन की कास्टिंग देख रहा हूं। शो के लिए आपका नाम दिलचस्प लगा. मुझे पता है कि यह आपके रडार पर नहीं था लेकिन आप इस प्लेटफॉर्म के जरिए बड़े दर्शकों से जुड़ सकते हैं।

## यूपी में आलू किसानों की आमदनी होगी दोगुनी

### योगी सरकार के प्लान से इन जिलों को फायदा

**उत्तर प्रदेशः उत्तर प्रदेश** में अब ह्लकिंग ऑफ वेजिटेबल्सह्व यानी आलू का जलवा और भी बढ़ने वाला है. योगी सरकार की पहल पर आगरा में इंटरनेशनल पोटैटो रिसर्च सेंटर और सहारनपुर-कुशीनगर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर पोटैटो की स्थापना की जा रही है. इसका मकसद किसानों को बेहतर किस्मों, नई तकनीक और ज्यादा उपज की जानकारी देना है, जिससे न सिर्फ उपज बढ़ेगी, बल्कि उनकी आमदनी भी दोगुनी होगी.

आलू देशभर में सबसे ज्यादा खाई जाने वाली और लोकप्रिय सब्जी है. इसका इस्तेमाल सब्जी, स्नैक्स, चिप्स, पापड़ से लेकर शराब बनाने तक में होता है. इसकी लोकप्रियता और बहुउपयोगिता के कारण इसे ह्यसब्जियों का राजाह्व कहा जाता है. खास बात यह है कि देश का एक तिहाई यानी करीब 35% आलू अकेले उत्तर प्रदेश में पैदा होता है. यूपी में प्रति हेक्टेयर आलू की उपज 23 से 25 टन तक है, जो राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है.

हालांकि अब भी आलू उत्पादन में कई चुनौतियां हैं, जैसे- अच्छी किस्म के बीजों की कमी, रिसर्च की किसानों तक पहुंच न होना और तकनीकी जानकारी की कमी. इसी समस्या को दूर करने के लिए सरकार ने आगरा में इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर की शाखा खोलने की प्रक्रिया शुरू की है. यह केंद्र पेरू के लीमा में मुख्यालय वाले ग्लोबल सेंटर का हिस्सा होगा.

**यूपी के इन मंडलों में सबसे अधिक आलू की खेती**

इसके साथ ही, सहारनपुर और कुशीनगर में भी एक्सीलेंस सेंटर बनाए जा रहे हैं ताकि पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसान इस सुविधा से जुड़ सकें. मेरठ, आगरा, मुरादाबाद, कानपुर, बरेली और अलीगढ़ मंडलों में आलू की सबसे ज्यादा खेती होती है, इसलिए ये सेंटर इन इलाकों के किसानों के लिए वरदान साबित हो सकते हैं.





**यूरोप जैसे देशों में प्रति हेक्टेयर 38 से 44 टन आलू का उत्पादन**

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, इन नए केंद्रों की मदद से किसान जल्दी पकने वाली, कम तापमान में भी उपज देने वाली, और चिप्स जैसे प्रोसेसिंग के लिए उपयुक्त प्रजातियों की जानकारी पा सकेंगे. जैसे ङ्ग कुफरी ख्याति, कुफरी शौर्या, कुफरी चिपसोना जैसी प्रजातियां जो कम समय में तैयार होती हैं, लेकिन किसानों को इनके बीज नहीं मिल पाते. यूरोप जैसे देशों में प्रति हेक्टेयर 38 से 44 टन आलू का उत्पादन होता है, वहीं उत्तर प्रदेश में अभी इसमें काफी सुधार की गुंजाइश है. इसलिए रिसर्च और आधुनिक खेती से यहां के किसान भी विश्वस्तरीय उपज पा सकते हैं।

# सांसद ने शासन द्वारा प्राप्त कुल 34 एम्बुलेंसों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

● नयी एम्बुलेंसों के शुभारम्भ से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों को मिलेगा इसका लाभ : सांसद

● शासन द्वारा जनपद प्रयागराज को 108 नम्बर की 09 नयी एम्बुलेंस, 102 नम्बर की 23 नयी एम्बुलेंस तथा ए0एल0एस की 2 नयी एम्बुलेंस प्राप्त करायी गयी हैं

**अखंड भारत संदेश**



एंबुलेंसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते सांसद फूलपुर

**प्रयागराज ।** सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल जी ने बुधवार को महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उ0प्र0 लखनऊ द्वारा जनपद प्रयागराज को प्राप्त करायी गयी कुल 34 एम्बुलेंसों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर उन्हें रवाना करते हुए शुभारम्भ किया। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा जनपद प्रयागराज को 108 नम्बर की 09 नयी एम्बुलेंस, 102 नम्बर की 23 नयी एम्बुलेंस तथा ए0एल0एस की 2 नयी एम्बुलेंस प्राप्त करायी गयी हैं। इस अवसर पर सांसद फूलपुर ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार का लगातार यह प्रयास है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगो को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिले, इसी कड़ी में आज 34 एम्बुलेंस का शुभारम्भ कर उन्हें रवाना किया गया है। इससे हमारे शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं में निश्चित रूप से इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी ए0के0 तिवारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य चिकित्सा धिकारीगण उपस्थित रहे।

# सराय बाहर ग्राम प्रधान को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार, खुशी

**अखंड भारत संदेश**


ग्राम प्रधान मनोरमा देवी


सचिव नीतेश कुमार

**सोरांव।** अपनी ग्राम पंचायतों में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए जिले के पांच ग्राम प्रधानों को शासन ने मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार देने की घोषणा की है। ऐसी ग्राम पंचायत जिसमें खेल मैदान, पार्क, जिम, गरीबी मुक्त एवं आजीविका' उन्नत गांव, स्वास्थ्य गांव, बाल हितैषी गांव, पर्याप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, सुशासन वाला गांव, महिला हितैषी गाँव, आत्म बुनियादी ढांचे वाला गांव, सामाजिक रूप से न्याय संगत आदि मानकों पर खरी उतरने वाली ग्राम पंचायतों का चयन पुरस्कार के लिए किया गया है। जिसमें सोरांव ब्लॉक की इकलौती ग्राम पंचायत सराय ब्रिसिंग उर्फ बाहर सराय भी शामिल है। जिला पंचायत राज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार संबंधित ग्राम प्रधान को विकास के लिए 15 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। सहायक विकास अधिकारी पंचायत सोरांव सुरेंद्र प्रसाद यादव ने भी ग्राम पंचायत के विकास के क्षेत्र में बाहर सराय के ग्राम प्रधान मनोरमा देवी और सचिव नीतेश कुमार को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार में चयनित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किए है।

ग्राम प्रधान मनोरमा देवी पत्नी राम गणेश मौर्य ने बताया कि गांव का विकास करने के लिए शासन ने बहुत योजनाएं संचालित किए है। जिसके लिए सरकार भारी भरकम धनराशि मुहैया करवाती है। जिससे गांव का विकास संभव हो पाया है। इस पुरस्कार के लिए सोरांव ब्लॉक के सभी अधिकारियों सहित ग्राम पंचायत की सम्मानित जनता जनार्दन को धन्यवाद देती हूं।

ग्राम पंचायत अधिकारी नीतेश कुमार ने बताया कि सरकार की मंशा है कि सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को मिले। और उसके लिए सरकार समयानुसार धनराशि ग्राम पंचायत के खाते में विकास के लिए भेजती रहती है। शिवगढ़ क्लस्टर अंतर्गत बाहर सराय के ग्राम प्रधान ने विकास कार्य अपने सहयोगी सचिवों के माध्यम से कराकर पुरस्कार से सम्मानित किए गए। इसके लिए खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सहित ग्राम वासियों को रहे दिल से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

# हरे पेड़ पर निकल रही 11000 बिजली के तार से चिंगारी, हादसे का दे रहा संकेत

**अखंड भारत संदेश**


पेड़ पर हाई वोल्टेड करंट के टच होने से निकालती चिंगारी

**बारा।** बारा क्षेत्र के बांकीपुर गांव में हरे पेड़ पर लगातार 11000 की सप्लाई तार जल रहा है।ग्रामीणों ने इसकी सूचना सप्लाई पावर हाउस लालापुर को दे दिया,लेकिन ठीक नही किया गया।

घर और रास्ते के बगल हरे पेड़ पर 11000 सप्लाई तार जल रहा है उसकी चिंगारी दूर तक जा रही है हरे पेड़ पर तार रखा हुआ है जो हादसे का संकेत दे रहा है लेकिन फिर भी उस पेड़ की छटाई नही कर रहे हैं।सायद बिजली विभाग किसी हादसे का इंतिजार कर रहा है। प्रत्येक वर्ष पेड़ छटाई का विभाग द्वारा धन आवंटित होता है लेकिन कही भी छटाई नही हुई जिससे आए दिन किसी न किसी पेड़ पर तार के शोले जलते हुए दिखाई पड़ते है।

## मऊआइमा पुलिस ने दो चोरी की बाइक के साथ एक को दबोचा भेजा जेल

**मऊआइमा।** मऊआइमा पुलिस ने गस्त के दौरान एक यूवक के कब्जे से दो चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर उसके साथ लिखा पढ़ी कर के जेल भेज दिया। मऊआइमा थाने के उपनिरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह व रामानंद सिंह,आशुतोष, हेड कास्टेबल ओम प्रकाश,कप्तान सिंह ,गौरव गौतम मय हमराही टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे कि सिटकहवा के पास रात्रि एक युवक को संदिग्ध में देखा तो युवक बाइक पर लाद कर चोरी की बाइक का सामान कही बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस को देख कर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर के दबोच लिया गया।युवक से पूछ ताछ में उसने अपना नाम इरफान पुत्र इरशाद उर्फ लाहा निवासी मोहल्ला करवाल थाना सोरांव प्रयागराज बताया जिस के कब्जे से पुलिस ने दो चोरी की बाइक बरामद की पुलिस ने युवक के खिलाफ लिखा पढ़ी कर के उसे जेल भेज दिया।

# सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राजकीय बालिका गृह खुल्दाबाद में 15 दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

● प्रशिक्षण में समस्त बालिकाओं को पेड़ पौधों की उपयोगिता व बागवानी से संबंधित दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**


बालिकाओं को जागरूक करते हुए

**प्रयागराज ।** राजकीय बालिका गृह, खुल्दाबाद में बुधवार को माननीय किशोर न्याय समिति उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निदेर्शानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में 15 दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बलराम महाविद्यालय के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर शाह आलम व उनके सहयोगियों द्वारा नारी निकेतन व बालिका गृह की बालिकाओं को बागवानी से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। समस्त बालिकाओं को एक-एक पौधे देकर उन्हें उनकी देखरेख वह खान-पान के संबंध में बताते हुए बागवानी कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हें प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर अधीक्षिका रूबी मेराज, नीतू सिंह, श्रीमती शालिनी, एचआर मैनेजर बलराम ग्रुप आदि उपस्थित रहे। विवेक कुमार द्विवेदी विधि परिवीक्षा अधिकारी प्रयागराज द्वारा बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए बागवानी कार्यक्रम में रुचि लेकर, उसके लाभ के बारे में बताया गया। दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा समस्त बालिकाओं को पेड़ पौधों की उपयोगिता व बागवानी से संबंधित शासन प्रशासन व कॉलेज चल रही योजनाओं और डिग्रियों के बारे में अवगत कराते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया गया। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रदान की गई।



जागरूकता रैली निकालते बच्चे

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खंड के रामनगर गंसियारी गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय द्वितीय के छात्र छात्राओं ने विद्यालय के शिक्षकों के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाल कर गांव के हर उस घर में गए जहां के बच्चे स्कूल नहीं जाते।उनके अभिभावकों से मिलकर बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए कहे।और शिक्षा के महत्व को बताया और बच्चों को अवश्य विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किए। तथा छात्र छात्राओं ने यह नारा लगाया कि मुफ्त की शिक्षा और मुफ्त की पुस्तक मुफ्त भोजन, मुफ्त ड्रेस यह है हमारा अधिकार। रैली पूरे गांव में हर स्थानों पर घूमी।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मोहम्मद शफी, सहायक अध्यापिका आरती सिंह, मिथलेश मौर्या, शिक्षा मित्र आदि लोगो ने रैली मे प्रतिभाग लिया।

# शंकरगढ़ स्टेशन पर ट्रेन के ठहराव की मांग ने पकड़ा जोर, विधायक ने डीआरएम को लिखा पत्र

**अखंड भारत संदेश**


शंकरगढ़ स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से डीआरएम को ज्ञापन सौंपते हुए

**शंकरगढ़।** यमुनापार के प्रमुख स्टेशन शंकरगढ़ में ट्रेनों के ठहराव की वर्षों पुरानी मांग को लेकर एक बार फिर से आवाज बुलंद हो गई है। क्षेत्रीय जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बारा विधायक डॉ. वाचस्पति ने मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज को पत्र लिखकर शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन की महत्ता और यात्रियों की परेशानी को सामने रखा है। उन्होंने खास तौर पर जबलपुर-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस (01701/01702) के शंकरगढ़ स्टेशन पर ठहराव की मांग की है।

डॉ. वाचस्पति ने पत्र में कहा है कि शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित एक महत्वपूर्ण स्टेशन है, जहाँ से प्रतिदिन हजारों यात्री यात्रा करते हैं। इस स्टेशन से न केवल प्रयागराज के ग्रामीण अंचलों के लोग जुड़ते हैं, बल्कि चित्रकूट जनपद से भी बड़ी संख्या में यात्री यहीं से ट्रेन पकड़ते हैं। ऐसे में जबलपुर से अयोध्या और अयोध्या से जबलपुर के बीच चलने वाली यह ट्रेन यदि शंकरगढ़ में रुके, तो क्षेत्र के नागरिकों को बड़ा लाभ होगा।

बुधवार को विधायक प्रतिनिधि मंडल, व्यापार मंडल और सामाजिक कार्यकताओं ने शंकरगढ़ स्टेशन पर एकत्र होकर शंकरगढ़ स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से डीआरएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ट्रेन के ठहराव की आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए कहा गया कि इससे न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय व्यापार और आवागमन को भी बल मिलेगा।इस दौरान विधायक प्रतिनिधि विजय निषाद श्यामू, विधायक मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी, मंडल मीडिया प्रभारी इंजीनियर राम जतन बंसल, व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद केसरवानी, उपाध्यक्ष रोहित केसरवानी, अनिकेत केसरवानी सहित अनेक व्यापारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### यमुनापार के लिए होगी बड़ी सौगात

स्थानीय नागरिक दिलीप केसरवानी उर्फ मुखिया ने इस मांग पर जोर देते हुए कहा कि यदि रेलवे प्रशासन इस दिशा में कदम उठाता है, तो यह पूरे क्षेत्र के लिए एक राहत भरी पहल होगी। लोगों को दूर-दराज के स्टेशनों तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और समय एवं पैसे की भी बचत होगी। व्यापार मंडल उपाध्यक्ष रोहित केसरवानी ने कहा कि अब सबकी नजरें रेलवे प्रशासन पर टिकी हैं कि वह जनता की इस जायज मांग को कब तक सुनवाई देता है। यदि इस पर सकारात्मक निर्णय होता है, तो यह शंकरगढ़ समेत पूरे यमुनापार क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात साबित होगी।

# भाकियू टिकैत ने एडीओ पंचायत को आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट की पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने विकासखंड सहसों के विभिन्न गांव की समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीयो पंचायत को सौंपते हुए शीघ्र निस्तारण करने की मांग की। किसान यूनियन की मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्र व महिला मंडल अध्यक्ष ऊषा यादव की अगुवाई में यूनियन कार्यकर्ताओ ने सहसों ब्लाक में उपस्थित एडीओ पंचायत दिनेश कुमार चौरसिया को आठ सूत्रीय ज्ञापन सौपते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख गीता सिंह ने उपस्थित कार्यकताओं से समस्या समाधान का आश्वसन दिया। प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, गंगापार अध्यक्ष अनवर अली फारुकी, प्रधान बाल गोविंद तिवारी, तहसील अध्यक्ष फूलपुर हरगोविंद यादव, ब्लाक अध्यक्ष जियालाल, अशोक कुमार मिश्रा, शांति देवी, गयादीन पटेल आदि रहे।

# जसरा में वाहन की टक्कर से युवक हुआ घायल, रेफर

**जसरा।** घूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का साइकिल सवार युवक को सामने से आ रहे चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एम्बुलेंस द्वारा उसे सीएचसी जसरा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। मंगलवार की देर रात लगभग 11:00 बजे पवंरी गांव निवासी छोटू पटेल 27 वर्ष पुत्र बबलेश पटेल अपनी साइकिल से जसरा बाजार से अपने घर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह अमरेहा गांव के सामने पहुंचा ही था कि सामने से आ रहे चार पहिया वाहन ने ओवरटेक के दौरान साइकिल सवार को सामने से टक्कर मारकर भाग गया। वाहन की टक्कर से वह सड़क पर गिरकर तड़पने लगा। स्थानीय लोगों ने डायल 108 को सूचना दे दी। सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस कर्मियों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा ले गए। जहां डाक्टरों ने बताया कि घायल युवक का बाया हाथ टूट गया। वहीं चेहरे व सिर पर गंभीर चोट आ गई। डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद एस आर एन प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। बेटे को गंभीर चोट पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

# अभिभावक अच्छी शिक्षा हेतु बच्चों का करें नियमित अवलोकन

**अखंड भारत संदेश**




**सहसों।** प्राथमिक विद्यालय रूदापुर में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन ग्राम प्रधान सुनीता यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। संगोष्ठी में प्रधानाध्यापक जय लक्ष्मी गुप्ता ने अभिभावकों से कहा कि शिक्षक पूरी ईमानदारी से बच्चों में शिक्षा, संस्कार व अनुशासन का समावेश करते हैं। जिसका अवलोकन अभिभावक को नित्य करना चाहिए। ताकि उनकी प्रगति की जानकारी नियमित हो सके तथा वे शिक्षकों को सुझाव देकर बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए और अच्छा कर सकें। उन्होंने बताया कि शारदा संगोष्ठी का तात्पर्य माँ सरस्वती से है जो ज्ञान, विद्या और कला की देवी हैं। जिसका उद्देश्य बच्चों में ज्ञान के प्रति उत्साह जागृत करना है। उन्होने उपस्थित अभिभावकों से बच्चों को नियमित समय से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कल उत्साहित किया गया तथा कक्षा 5 पास कर चुके छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# नैनी में डंपर बैक करते समय मजदूर का परिवार आया चपेट में, चार की मौत



मौत के बाद गमजदा मृतक के परिजन



पोस्टमार्टम हाउस के बाहर बैठे मृतक के परिजन

**लेप्रसी चौराहा के समीप रेलवे के विद्युत उपकेंद्र परिसर में हुआ हादसा**

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में लेप्रसी चौराहा के समीप रेलवे के निमार्णाधीन विद्युत उपकेंद्र बुधवार भोर में दर्दनाक हादसा हो गया। हादसा उस वक्त हुआ जब एक डंपर बालू लेकर आया था। बालू उतारने के बाद डंपर बैक कर रहा था। उसी दौरान अपनी झोपड़ी के बाहर सो रहा मजदूर परिवार को डंपर ने रौंद दिया। इससे मजदूर और उसके तीन बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद भागने के चक्कर में चालक से डंपर अनियंत्रित होकर पलट है। इसके बाद चालक मौके से भाग निकला। लेप्रसी चौराहा के समीप रेलवे का विद्युत उपकेंद्र बन रहा है। उसमें 40 मजदूर काम कर रहे हैं। सभी मजदूर छुट्टी पर घर चले गए थे, लेकिन कपारी, शंकरगढ़ निवासी छोटे लाल पुत्र देव शरण अपने बच्चों के साथ यहीं रुका था। उसकी पत्नी भी वापस चली गई थी। बुधवार आधी रात में एक डंपर बालू गिराने आया था। बालू गिराने के बाद चालक गाड़ी बैक कर रहा था। उसी दौरान गर्मी के कारण झोपड़ी के बाहर सो रहा छोटे लाल और उसके तीन बच्चे डंपर की चपेट में आ गए। इससे चारों की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर लेकर भागने लगा लेकिन वह अनियंत्रित होकर पलट गया। इसके चालक किसी प्रकार डंपर छोड़कर भाग निकला। दुर्घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नैनी थाना प्रभारी वैभव सिंह ने बताया जिस समय घटना हुई, ड्राइवर ट्रक को बैक कर रहा था। पुलिस ने ट्रक को सीज कर दिया है। ट्रक मालिक से संपर्क कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

सहायक पुलिस आयुक्त वरुन कुमार का कहना है कि रात में डेढ बजे पुलिस को हादसे में 4 लोगों के मरने की सूचना मिली थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इसमें ट्रक चालक को कब्जे में ले लिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## प्रयागराज हाईटेक सिटी में 67 हजार वर्ग मीटर जमीन पर सरकार का दावा खारिज, हाईकोर्ट में प्रदेश सरकार को झटका

**हाई कोर्ट ने जमीन पर सरकार के दावे को किया खारिज**

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** हाईटेक सिटी प्रयागराज के नाम दर्ज भूमि को लेकर विवाद में राज्य सरकार को इलाहाबाद हाई कोर्ट में झटका लगा है। न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और जस्टिस विपिन चंद्र दीक्षित की खंडपीठ ने करछना तहसील में 67,138.12 वर्ग मीटर जमीन पर सरकार का दावा खारिज करते हुए आठ सप्ताह में याचीगण के पक्ष में राजस्व दस्तावेज दुरूस्त करने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने कहा,याचिका वर्ष 2016 में दायर की गई है राज्य द्वारा कथित रूप से कब्जा लेने के 20 वर्ष बाद। इससे साफ है कि भूमि पर तब तक याची का कब्जा था। यदि विवादित तथ्यों का पता लगाया जा सके तो रिट कोर्ट अधिशेष भूमि पर वास्तविक कब्जे के सवाल पर विचार कर सकता है। अनुच्छेद 226 के तहत दायर इस याचिका में याचीगण ने भूमि से बेदखल किए जाने अथवा शांतिपूर्ण कब्जे में हस्तक्षेप से रोकने के लिए परमादेश जारी करने की प्रार्थना की थी।

संबंधित प्रकरण में राज्य यह स्थापित नहीं कर सका कि भूमि का वास्तविक कब्जा शहरी भूमि (सीलिंग और विनियमन) निरसन अधिनियम, 1999 के अधिनियमन से पहले लिया गया था। याची राम जी व अन्य के पिता,ससुर व दादा भोलानाथ के पास लवायन कला गांव अरैल में कृषि भूमि थी। खाली भूमि को लेकर भोलानाथ के खिलाफ शहरी भूमि (सीलिंग और विनियमन) अधिनियम, 1976 की धारा 6 (1) के तहत कार्यवाही शुरू की गई तथा 1983 में उनके खिलाफ एकपक्षीय आदेश पारित किया गया। इसके अंतर्गत 67,138.12 वर्ग मीटर जमीन अधिशेष घोषित की गई।

सीलिंग एक्ट की धारा 10 के तहत कार्यवाही शुरू करते हुए और भोलानाथ को अधिशेष जमीन सरेंडर करने के लिए 30 दिन का समय दिया गया। इसके बावजूद न तो भोलानाथ ने जमीन सरेंडर किया और न ही अधिकारी कब्जा ले सके। वर्ष 2005 में मृत्यु तक भोलानाथ का कब्जा रहा। उसके बाद उत्तराधिकारी काबिज रहे। शहरी भूमि (सीलिंग और विनियमन) निरसन अधिनियम, 1999 के आधार पर 2015 में अधिकारियों ने याचीगण को 30 दिनों के भीतर अधिशेष भूमि खाली करने का निर्देश देते हुए कहा कि ऐसा नहीं होने पर उन्हें जबरन बेदखल कर दिया जाएगा।

हाई कोर्ट में याचीगण ने बेदखली से सुरक्षा मांगी। खंडपीठ ने माना कि राज्य यह साबित करने में विफल रहा है कि अधिशेष भूमि पर उसका कब्जा था। कोर्ट ने कहा, एक सरकारी आदेश से संकेत मिलता है कि राज्य सरकार ने 1996 में प्रयागराज विकास प्राधिकरण को भूमि हस्तांतरित कर दी थी, परंतु बलपूर्वक बेदखली या मुआवजे का कोई नोटिस रिकॉर्ड पर नहीं लाया गया।

याचीगण ने 1422 फसली वर्ष (वर्ष 2012 ) का खसरा दिखाया, जिसमें रामजी और उनके कानूनी उत्तराधिकारियों के नाम जमीन थी। जवाबी हलफनामे में प्रतिवादियों ने फसली वर्ष 1426-1431 (वर्ष 2016-2021) की खतौनी पेश की, जिसमें राज्य का नाम है। फसली वर्ष 1414-1419 (वर्ष 2004-2009 के अनुरूप) की खतौनी भी रिकॉर्ड में लाई गई जिसमें जमीन हाई टेक टाउनशिप के नाम दर्ज है।

## शिक्षक संघ एकजुट के बैनर तले शिक्षा निदेशालय पर हुआ धरना प्रदर्शन



**प्रयागराज।** प्रदेश भर से हजारों शिक्षक कर्मचारियों की फाइल शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में लंबित है। अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक ने 31 मार्च तक सभी फाइलों का निस्तारण कर आदेश निर्गत करने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक आदेश निर्गत नहीं हुआ। इससे शिक्षकों में रोष है। प्रदेश भर के आक्रोशित शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के प्रदेश संरक्षक डॉ हरि प्रकाश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र वर्मा के नेतृत्व में बुधवार को धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने जमकर नारेबाजी कर नाराजगी जताई।

## आरएएफ ने मनाया शौर्य दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**फाफामऊ।** 101 आर.ए.एफ में बुधवार को 'शौर्य दिवस मनाया गया। आज ही के दिन 1965 को पश्चिमी भारत-पाक सीमा पर कच्छ के रन में सरदार पोस्ट में तैनात केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल की 2nd वाहिनी की एक छोटी सी बहादुरी टुकड़ी द्वारा पाकिस्तानी आर्मी के 3500 सेनाओं वाली एक विशाल ब्रिगेड को खदेड़ देने वाली घटना सैनिक युध्द के इतिहास में अद्वितीय मिसाल है। यह गाथा बहादुरी, कर्तव्य परायणता और मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वस्व बलिदान करने वाले के०रि०पु० बल का गौरवमयी इतिहास हैं। इसी कारण हर वर्ष 9 अप्रैल को 'शौर्य दिवस' पूरे देश में मनाया जाता है।

101 वाहिनी के कमाण्डेन्ट मनोज कुमार गौतम, ने सर्वप्रथम शहीद स्मारक पर पुष्पाजंलि अर्पित कर शहीदों के शौर्य एवं पराकम को याद किया तथा विनम्र श्रध्दांजलि अर्पित की। तत्पश्चात क्वार्टर गार्ड में सलामी ली तथा जवानों व अधिकारियों को पदक व प्रंशसा पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर कमाण्डेन्ट महोदय ने वाहिनी के जवानों व अधिकारियों को उनकी कर्तव्य परायणता के लिए प्रेरित किया और बल के गौरवशाली परम्परा को बनाये रखने का संकल्प दिलाया। उक्त अवसर सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें पर कमाण्डेन्ट महोदय द्वारा पुलिस वीरता पदक प्राप्त किये हुए हव / जीडी कमलेश सिंह एवं सि/जीडी शिवाकान्त को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया और सभी जवानों को वीरता की शपथ दिलाई गयी।

इस मौके पर कैप परिसर में विभिन्न प्रकार के कार्यकमों जैसे अंतर कम्पनी बॉली-बॉल मैच, बच्चों के बीच पेंटिग प्रतियोगिता तथा सभी भोजनालयों में बडा खाना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरिओम सागर (द्वि.कमा.अधि.). डॉ० अशोक कुमार (CMO), यज्ञ कुमार सिंह (उप कमाण्डेन्ट), टी.एन. सिंह (उप कमाण्डेन्ट), अरूण मिश्रा (उप कमाण्डेन्ट), तथा अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान व उनके परिवारजन भी उपस्थित रहे।



## महाकुंभ में अतुलनीय योगदान पर जमुनापार के पंद्रह नाविक हुए सम्मानित



सम्मानित होते नाविक

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रयागराज के पन्द्रह नाविक को लखनऊ में रियल हीरोज आफ महाकुंभ का सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान पाने वाले में अधिकतर जमुनापार क्षेत्र घूरपुर क कंजासा गांव के निवासी निषाद समुदाय के लोग हैं। आयोजित समारोह में कैविनेट मन्त्री मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश सरकार निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाँ संजय कुमार कमार निषाद ने अंगवस्त्र और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले लोगों में निषाद पार्टी के, प्रदेश सचिव राकेश कुमार निषाद, जिला अध्यक्ष राम टहल निषाद संजीत निषाद, दिलीप निषाद, आलोक निषाद, दयाशंकर उर्फ पिंटू निषाद, आशीष रतन निषाद, सुग्रीव निषाद, नीतेश निषाद, चांद, विनोद निषाद बृजेश निषाद, अवधेश निषाद, राजकुमार निषाद और आलोक निषाद और तमाम निषाद समुदाय के लोग सम्मिलित हुए। इनको सम्मानित किए जाने से क्षेत्र के निषाद समुदाय के लोगों में खुशी की लहर।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति अनिवार्य रूप से लागू करें : शालिनी सिंह

**जेडीयू की प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू किए जाने हेतु केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को भेजा पत्र**

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** जनता दल यूनाइटेड की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने एक समान शिक्षा व्यवस्था एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सुदृढता से लागू किए जाने को लेकर केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नाम संबोधित ज्ञापन पत्र चित्रकूट मण्डल के आयुक्त अजीत कुमार को सौंपा और कहा कि वर्तमान में संपूर्ण देश में लागू शिक्षा नीति बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण है जिसमें खास तौर पर बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पद्धति के मूल बिंदु में कुछ बिंदु संशोधन के योग्य है। श्रीमती शालिनी ने आगे कहा कि पूर्व में निर्दिष्ट नियमों का अनुपालन न होना भी शिक्षा के गिरते स्तर का एक परिचायक है। जेडीयू नेत्री श्रीमती शालिनी सिंह द्वारा केंद्रीय शिक्षामंत्री को सौंपे गए ज्ञापन पत्र में उत्तर प्रदेश और भारत के शिक्षा क्षेत्र में सुधार के कुछ महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए कहा है कि आज हमारे देश में शिक्षा व्यवस्था में कई समस्याएँ व्याप्त हैं और उन समस्याओं का समाधान निकालना हम सभी का कर्तव्य है।उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण भारत में एक समान शिक्षा का प्रावधान हो। जेडीयू नेत्री का मानना है कि हमारे देश के विभिन्न राज्यों में शिक्षा व्यवस्था में भिन्नताएँ हैं जिसके कारण बच्चों के बीच असमानता उत्पन्न होती है और इस

असमानता को दूर करने के लिए भारत सरकार को एक समान शिक्षा का प्रावधान लागू करना चाहिए,ताकि हर राज्य और हर क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता समान हो और हर बच्चे को बराबरी का अवसर मिल सके।

**राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 को सुदृढ़ तरीके से लागू किया जाए**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में जो प्रमुख बदलाव और सुधार प्रस्तावित किए गए हैं, उन्हें पूरे देश में सुदृढ़ तरीके से लागू किया जाना चाहिए। इसे प्रभावी बनाने के लिए सरकार को त्वरित कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि इसका लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे और देश की शिक्षा प्रणाली को और अधिक सशक्त किया जा सके।



केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नाम संबोधित ज्ञापन पत्र चित्रकूट मण्डल के आयुक्त को सौंपते हुए

**वन नेशन वन एजुकेशन-एक देश एक शिक्षा व्यवस्था**

हमारा देश विविधताओं से भरा हुआ है, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में एकरूपता जरूरी है। वन नेशन वन एजुकेशन की नीति लागू करने से हर राज्य में समान पाठ्यक्रम, समान शिक्षा प्रणाली और समान अवसर मिलेंगे। यह न केवल छात्रों के विकास को सशक्त करेगा,बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता को भी मजबूत करेगा।

**सरकारी स्कूलों में सरकारी शिक्षकों के बच्चों का दाखिला अनिवार्य किया जाए**

सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए यह जरूरी है कि सरकारी शिक्षकों, समस्त सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियो के बच्चों का दाखिला सिर्फ सरकारी स्कूलों में ही किया जाए। यदि वे इसका पालन नहीं करते हैं तो उनकी वेतन में कटौती की जाए। जब सरकारी शिक्षकों के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ेंगे तो उन्हें अपनी स्कूल की गुणवत्ता को सुधारने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और सभी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी।

**बुंदेलखंड में सरकारी विद्यालयों की जर्जर स्थिति हेतु विशेष पैकेज**

बुंदेलखंड क्षेत्र में सरकारी विद्यालयों की स्थिति अत्यधिक जर्जर है। इन विद्यालयों को सुधारने के लिए एक विशेष पैकेज की आवश्यकता है, जिसमें भवन निर्माण, अध्यापकों की नियुक्ति, शिक्षा सामग्री, और बुनियादी सुविधाओं का समावेश हो। यह क्षेत्र शिक्षा के मामले में काफी पीछे है, और यदि इस दिशा में सरकार द्वारा ध्यान दिया जाए तो यहां की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिल सकती है। पत्र में उपर्युक्त बिंदुओं पर केंद्रीय शिक्षामंत्री का ध्यान आकृष्ट करते हुए शालिनी सिंह पटेल ने अनुरोध पूर्वक लिखा है कि यदि इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जाए और शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाया जाय जिससे सम्पूर्ण देश वासियों के साथ भारत के स्वर्णिम भविष्य की रूपरेखा शिक्षा के स्तर पर नई पीढ़ी तैयारी कर सके और उनका भविष्य उज्जवल हो सके।

# एमयूएनपीएल के अध्यक्ष और एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक केएस सुन्दरम ने किया मेजा ऊर्जा निगम का दौरा

**● दोनों अधिकारियों ने निगम के संचालन और गतिविधियों के व्यापक मूल्यांकन के अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर तथा निगम के रणनीतिक दिशा और दशा पर अपने दृष्टिकोण किए साझा**

**अखंड भारत संदेश**





एमयूएनपीएल के अध्यक्ष व एनटीपीसी लिमिटेड निदेशक का स्वागत करते अधिकारी व उपस्थित कर्मचारी

**मेजा।** केएस सुन्दरम मेजा ऊर्जा निगम के अध्यक्ष और एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक परियोजनाएँ बुधवार को मेजा ऊर्जा निगम का दौरा कर निगम में चल रहे संचालन और गतिविधियों का व्यापक मूल्यांकन किया। इस दौरान मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशेष कुमार चट्टोपाध्याय द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। दौरे के दौरान श्री सुन्दरम ने मेजा ऊर्जा निगम में चल रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने मेजा ऊर्जा निगम बोर्ड के साथ-साथ वित्त और मानव संसाधन जैसे प्रमुख विभागों के अलावा अन्य विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ विस्तृत चर्चा की और मेजा ऊर्जा निगम की रणनीतिक दिशा दशा पर अपने दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने एक्जीक्यूटिव और नॉन-एक्जीक्यूटिव एसोसिएशन के साथ भी बातचीत किया।

इस महत्वपूर्ण दौरे की एक प्रमुख विशेषता कर्मचारियों के साथ उनका संवाद था, जो स्कूल ऑडिटोरियम में आयोजित एक सामूहिक स्वास्थ्य वार्ता के दौरान हुआ। श्री सुन्दरम ने स्थल का निरीक्षण भी किया, जिसमें सुरक्षा पार्क के पास स्थित स्टेज द्वितीय क्षेत्र, केंद्रीय नियंत्रण कक्ष, सीएचपी क्षेत्र और यूनिट संख्या 2 टरबाइन का निरीक्षण भी शामिल था। श्री सुन्दरम ने मेजा ऊर्जा निगम के कर्मचारियों को क्रियान्वयन योग्य बिंदु प्रदान किए और उन्हें बेहतर दिशा में मार्गदर्शित किया।

## प्राथमिक विद्यालय लखनपुर में स्कूल चलो अभियान के तहत निकली गई रैली

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** प्राथमिक विद्यालय लखनपुर में बुधवार को स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य अभिभावकों और समुदाय को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना एवं शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना रहा है। रैली का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापिका श्रीमती रंजना द्विवेदी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने काफी उत्साह पूर्वक रैली में प्रतिभाग करते हुए शिक्षा से संबंधित पढ़ेगा इंडिया,तभी तो बढ़ेगा इंडिया,बेटा-बेटी एक

समान, स्कूल भेजें हर इंसान तथा एक भी बच्चा छूटा,संकल्प हमारा टूटा नारे लगाते हुए गांवों के मुख्य मार्गों से भ्रमण करते पुनः स्कूल लौटे। रैली में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ ग्राम पंचायत सदस्य, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके पूर्व रैली के दौरान स्कूल की प्रधानाध्यापिका श्रीमती रंजना द्विवेदी ने बताया कि यह अभियान केवल नामांकन तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी इसका प्रमुख लक्ष्य है। रैली के समापन पर बच्चों को स्वल्पाहार वितरित किया गया तथा ग्रामीणों को विद्यालय में आकर पंजीकरण कराने की अपील की गई। इस मौके पर शिक्षक बीके मिश्र, रेखा देवी, नसरीन अख्तर भी उपस्थित रहीं।




रैली निकालते बच्चे व शिक्षकगण

# पूर्ण परियोजनाओं के निर्माण कार्यो को हैण्डओवर कराया जाये : जिलाधिकारी

**● डीएम ने किया 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं व सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा**

**अखंड भारत संदेश**



अधिकारियों के साथ समीक्षा करते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कैम्प कार्यालय के सभागार में 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं, पूर्वांचल विकास निधि व सीएम डैशबोर्ड एवं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं/निर्माण कार्यो की समीक्षा में पिछली मासिक बैठक में दिये गये निदेर्शों एवं प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा बताया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत लोहंगपट्टी ग्रामीण पाइप्ड पेयजल योजना में ठेकेदार द्वारा कार्य नही किया जा रहा है और सम्बन्धित ठेकेदार को 03 बार नोटिस दी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सम्बन्धित ठेकेदार के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जाये। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जितने भी सड़क से सम्बन्धित कार्य कराने है उनकी कार्ययोजना बनाकर सड़कों के कार्य गुणवत्तायुक्त बनाये जाये। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सेतु निर्माण, सी0 एण्ड डी0एस यूनिट-10 प्रयागराज, यूपीपीसीएल निर्माण इकाई-14 लखनऊ, यूपीपीसीएल निर्माण इकाई-2 प्रयागराज, यूपीआरएनएसएस प्रयागराज, यूपी राजकीय निर्माण निगम प्रयागराज आदि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे परियोजनाओं के निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने परियोजनाओं/निर्माण कार्यो की समीक्षा कर अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन्हें एक सप्ताह के अन्दर हैण्डओवर कर दिया जाये, यदि मैनपावर नही है तो पत्राचार किया जाये। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परियोजनाओं के निर्माण कार्य यदि गुणवत्तायुक्त न हो तो हैण्डओवर न लिया जाये। हैण्डओवर के बाद सम्बन्धित विभाग उसका संचालन करें जिससे जनसामान्य व प्रशासकीय हित में कार्य किये जाये। परियोजनाओं के कार्यो के पूर्ण करने की तिथि जो दशार्यी जाये उसी तिथि के अन्दर परियोजनाओं का कार्य पूर्ण कराया जाये, यदि निर्धारित तिथि तक कार्य पूर्ण नही किया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। पूर्वांचल विकास निधि के स्वीकृत कार्यो के प्रगति की समीक्षा की गयी जिसमें यूपीएसआईसी द्वारा कराये गये कार्यो में लापरवाही पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था यूपीएसआईसी को कड़ी फटकार लगायी और निर्देशित किया कि कार्यो को गुणवत्तायुक्त किया जाये। डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि पुराने कार्यो की गुणवत्ता की जांच हेतु टीम गठित कर कार्यो की जांच करायी जाये। सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा में पंचायती राज विभाग, वन विभाग, मत्स्य विभाग व समाज कल्याण की रैकिंग ई श्रेणी में पायी गयी। इसी प्रकार जल निगम, पर्यटन, प्राथमिक शिक्षा, लोक निर्माण की रैकिंग सी श्रेणी में पायी गयी। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में जिलाधिकारी ने अधिकारियां को निर्देशित किया कि विकास कार्यो से सम्बन्धित बी, सी, डी एवं ई श्रेणी का फामुर्ला समझ ले, जिन विभाग की रैंकिंग योजनाओं में खराब रहती है उसको प्राथमिकता पर ध्यान देकर रैकिंग ठीक करा लें। उन्होने कहा कि जिन अधिकारियों की रैकिंग खराब रहती है वे अपनी कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोवंशों के सुरक्षा, स्वास्थ्य व पोषण में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दास्त नहीं : डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**● जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश की समीक्षा बैठक सम्पन्न**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी जी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय निराश्रित गोवंश की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं ईओ से गोवंशों को संरक्षित करने हेतु जमीन की उपलब्धता, गोवंशों के सुरक्षा, स्वास्थ्य और पोषण एवं नवनिर्मित अस्थायी गो-संरक्षण केन्द्र में गोवंशों को संरक्षित करने के सम्बन्ध में जानकारी ली। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) आदित्य प्रजापति को निर्देशित किया गया कि बैठक में जिन नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी अनुपस्थित है उनसे स्पष्टीकरण लिया जाये। उन्होने कहा कि पूर्व में दिये गये निदेर्शों के क्रम में ईओ द्वारा निदेर्शों का अनुपालन किया गया लेकिन खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा कोई भी संज्ञान नही लिया गया जिस पर जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिये गये निदेर्शों का शत प्रतिशत अनुपालन करें अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अगले 15 दिवसों में 144 हेक्टेयर भूमि के चिन्हांकन स्थल पर हरे चारे की बुवाई शत प्रतिशत कराया जाये। पूर्व में दिये गये निदेर्शों के क्रम में जानकारी ली गयी कि माह में 02 बार खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा गो-संरक्षण केन्द्रों का निरीक्षण किया जाना था जिसके लिये क्रमवार बीडीओ से जानकारी ली और कहा कि गोशालाओं में गोवंशों के लिये सुरक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के लिये जो भी कमियां पायी गयी है, सम्बन्धित गो-संरक्षण केन्द्रों पर उसे दुरूस्त कराये और यदि सुधार नही होता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। गो-संरक्षण केन्द्रों हेतु नामित नोडल अधिकारियों ने गोवंशों के सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण के सम्बन्ध में पायी गयी कमियों के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी और निर्देशित किया गया कि गो-संरक्षण केन्द्रों में जो भी व्यवस्थायें ठीक नहीं है तत्काल सम्बन्धित से करवाना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि नोडल अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी भी साथ में जायेगें। गौशालाओं में निर्धारित क्षमता के अनुसार ही गोवंशों को संरक्षित किया जाये, क्षमता से अधिक गोवंशों को गो आश्रय स्थलों में न रखा जाये इस पर विशेष ध्यान दें। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त तहसीलों/ विकास खण्डों/ नगर पंचायतों में कैटल कैचर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने कान्हा गौशाला के सम्बन्ध में एडीएम को निर्देशित किया कि जिन नगर पंचायतों में कान्हा गौशाला का निर्माण नहीं कराया गया है वहां तत्काल भूमि का चिन्हांकन करते हुये कान्हा गौशाला का निर्माण कार्य कराया जाये। जिलाधिकारी ने उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खण्ड विकास अधिकारियों, पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने अपने कार्यो एवं दायित्वों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन के साथ कार्य करें। अन्त में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि गोवंशों के सुरक्षा, स्वास्थ्य और पोषण में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दास्त नहीं किया जायेगा, यदि किसी भी गौशाला से मृत पशु पाये जाये तो उन्हें नियमानुसार दफनाने की कार्रवाई की जाये, यदि कहीं पर भी यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृत पशुओं को कुत्तो या चील/ कौवा द्वारा नोचा या खाया जा रहा है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) आदित्य प्रजापति, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव सहित जिला स्तरीय अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, ईओ उपस्थित रहे।

## न्यायालय में पहले अपर जिला जज की तैनाती पर अधिवक्ताओं ने जतायी खुशी

**अखंड भारत संदेश**



एक दूसरे का मुह मीठा कर खुशी का इजहार करते अधिवक्ता

**लालगंज।** स्थानीय दीवानी न्यायालय में पहले अपर जिला जज की तैनाती को लेकर बुधवार को वकीलों में खुशी का माहौल देखा गया। दीवानी न्यायालय में हाईकोर्ट के आदेश पर कानपुर नगर के एडीजे रघुवीर सिंह राठौर को लालगंज में अपर जिला जज की तैनाती दी गयी। वहीं कुमार मल्लिकार्जुन को सिविल जज तथा विराटमणि त्रिपाठी को एसीजेएम बनाया गया है। बुधवार को वकीलों में पहले अपर जिला जज की तैनाती का फरमान जारी होने की जानकारी मिली तो वह खुशी से झूम उठे। अधिवक्ता एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी साझा करते दिखे। वहीं अधिवक्ताओं ने एडीजे की नियुक्ति को लेकर हाईकोर्ट का आभार जताया है। अधिवक्ताओं ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के यहां न्यायिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने में बेहतर संसाधनों व सकारात्मक प्रयासों को भी सराहा है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल व उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने परिसर में एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया। आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि एडीजे कोर्ट के यहां संचालन शुरू होने से क्षेत्र के हजारों गरीब वादकारियों को सुगम न्याय अब और बेहतर मिलेगा। उन्होनें कहा कि सुप्रीम कोर्ट के न्याय चला गरीब के द्वार के संकल्प को अधिवक्ता मिशन के रूप में मजबूत बनायेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता पवन पाण्डेय, पूर्व उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी, रमेश पाण्डेय, शैलेन्द्र चतुवेर्दी, संजय ओझा, आशुतोष सिंह, जान्हवी प्रताप सिंह, मस्तराम पाल, अबरार अहमद, शिवकुमार गुप्ता, नीलेश सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

## अपहृता किशोरी हुई बरामद

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने अपहृता किशोरी को बुधवार की सुबह रायबरेली रोड से बरामद करने में सफलता ली है। लालगंज कोतवाली के प्रतापरूद्रपुर गांव से बीती बारह मार्च को एक किशोरी 17 लापता हुई थी। किशोरी के लापता होने पर पिता श्रीपाल की ओर से गांव के ही आरोपी सतीश सिंह के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज हुआ है। बुधवार की सुबह दरोगा ज्ञानचंद्र तिवारी फोर्स के साथ कस्बे में चेकिंग अभियान पर निकले थे। सुबह सूचना पर पुलिस ने अपहृता किशोरी शिवानी को रायबरेली रोड से बरामद कर लिया। पुलिस ने किशोरी का सक्षम न्यायालय में बयान कराया है। वहीं पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## शैक्षिक संगोष्ठी में मेधावी हुए सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर स्थित मारूति पैरामेडिकल इंस्टीटयूट में शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं परिसर में सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ में छात्र छात्राओं ने लोकमंगल की सामूहिक प्रार्थना की। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व विद्यालय के प्रबंधक संदीप मिश्र राहुल ने श्रीराम दरबार के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष ने कहा कि सामाजिक सेवा के क्षेत्र में चिकित्सीय क्षेत्र सबसे कल्याणकारी मिशन है। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा छात्रा ज्ञान अंजलि, साधना वर्मा, अंजली ओझा, लक्ष्मी पाल, दीपिका पाल, संजय गुप्ता, सुनील शर्मा, वैष्णव प्रताप सिंह, कमल वर्मा, राज मौर्य, निखिल मिश्र आदि को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर समाजसेवी पं. श्रीराम मिश्र, दिनेश सिंह, राकेश तिवारी गुडडू, साकेत मिश्र आदि रहे।

## दलित युवक को को पीटा

**पट्टी।** दुकान पर सामान की खरीदारी करने गए युवक को रास्ते में रोक कर गांव के युवकों ने मार-पीट कर घायल कर दिया। पीड़ित पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पूरे सुखचैन गांव निवासी दीपक हरिजन का आरोप है कि वह गांव में स्थित एक दुकान पर घर का सामान लेने गया हुआ था। जहां पर से सामान लेकर घर लौट रहा था रास्ते में गांव के दो युवकों ने रोक लिया। उसे जाति सूचक शब्दों से गालियां देते हुए जमकर मारा-पीटा। घायल युवक बुधवार को पट्टी कोतवाली पहुंचा। पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मां की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## शारीरिक स्वास्थ्य की सुरक्षा में व्यायाम की महत्ता पर हुई परिचर्चा

**● फिटनेस श्राइन जिम में श्रम को लेकर जागरूकता का लिया गया संकल्प**

**प्रतापगढ़।** नगर के प्रतापगढ़ रोड पर फिटनेस श्राइन जिम सेण्टर में शारीरिक संतुलन एवं स्वास्थ्य को लेकर परिचर्चा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भगवान लक्ष्मीगणेश के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए आधुनिक भागदौड़ के युग में व्यायाम जरूरी है। अध्यक्षता करते हुए चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कहा कि स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए शारीरिक संतुलन के लिए श्रम अपरिहार्य है। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता शास्त्री सौरभ त्रिपाठी ने किया। परिचर्चा के संयोजक अतुल सिंह ने स्वागत तथा सह संयोजक मृणाल व ललित पाठक ने संयुक्त रूप से आभार जताया। कार्यक्रम में व्यायाम की जागरूकता को लेकर सामूहिक संकल्प भी लिया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी, अधिवक्ता संतोष पाण्डेय, लाल अंकित सिंह, इं. सुनील पाण्डेय, संजीव द्विवेदी, राकेश तिवारी गुडडू, गिरजाशंकर पाण्डेय, पवन पाण्डेय, जगदीश तिवारी बबलू, हरीश सिंह, डॉ0 वीरेश सिंह, पवन शुक्ल आदि रहे।

## इक्कीस अप्रैल से होगा संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में नामांकन

**प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में आगामी इक्कीस से तेईस अप्रैल तक अध्यक्ष समेत विभिन्न पदो के उम्मीदवारो का नामांकन पत्र दाखिल किया जाएगा। वहीं उन्नीस अप्रैल को अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। आगामी नौ मई को मतदान को लेकर चुनाव समिति की बैठक में आदर्श आचार संहिता को प्रभावी बनाये जाने का ऐलान किया गया। बैठक की अध्यक्षता चुनाव समिति के अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र व संचालन महामंत्री विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र, संरक्षक वीरेन्द्र सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, शिवाकांत उपाध्याय, संजय सिंह, प्रमोद सिंह, कमलेश त्रिपाठी, रमेश पाण्डेय, करूणाशंकर मिश्र, घनश्याम सरोज, इरफान, राजेन्द्र विश्वकर्मा मौजूद रहे। यह जानकारी समिति के प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## बच्चों को बीमारी से बचाव के बताए तरीके, दवाईयां की गई वितरित

**अखंड भारत संदेश**




दवा वितरित कर बच्चों को जागरूक करते चिकित्सक

**बेलखरनाथ धाम।** भीषण गर्मी व लू से होने वाली बीमारी पर बच्चों तरीके बताए गए तथा दवाईयां वितरित की गई।बाबा बेलखरनाथ धाम के सीनियर तथा प्राथमिक विद्यालय सरायगनई के बच्चों को बुधवार को राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय द्वारा विद्यालय में कैंप लगाकर भीषण गर्मी से बचाव के तरीकों की जानकारी देते हुये उन्हें दवाइयां दी गई। इस मौके पर चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर संजय सिंह ने कहा कि बच्चों के अभिभावकों को चाहिये कि वह गर्मी में होने वाली बीमारी चिकन पॉक्स, हैजा, कालरा आदि जैसे बीमारी से कैसे बचाया जाए उसके तरीके बताए गए तथा दवाइयां दी गई। चिकित्सा अधिकारी ने कहा बचाव के लिये लोगों में जागरूकता होना जरूरी है तभी बीमारियों से बचा जा सकता है। इस मौके पर 63 बच्चों को होम्योपैथिक दवाइयां पिलाई गई तथा उन्हें नियमित सेवन के लिये भी दी गई। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अजरा बानो, फार्मासिस्ट जयप्रकाश सिंह,नीलम सिंह, देवी प्रसाद, राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे ।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का उठाये लाभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत 5 लाख का ऋण प्रदान किया जाता है। शासन द्वारा जनपद का वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1700 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होने योजना की पात्रता की शर्तो के सम्बन्ध में बताया है कि आवेदक उ0प्र0 का मूल निवासी होना चाहिये एवं उसकी आयु 21 से 40 वर्ष होनी चाहिये। आवेदक न्यूनतम कक्षा 8 उत्तीर्ण होना चाहिये, इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण अथवा समकक्ष को वरीयता दी जायेगी। आवेदक सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनाओं में प्रशिक्षण प्राप्त किया हो अथवा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय/ शैक्षणिक संस्थान से कौशल सम्बन्धित प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो। इस योजना में रुपए 5 लाख का 04 वर्ष हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जायेगा। परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अतिरिक्त मार्जिन मनी सब्सिडी देय है। पूर्व में पीएम स्वनिधि योजना के अतिरिक्त राज्य अथवा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित किसी अन्य योजना में ब्याज अथवा पूंजी उपादान का लाभ न प्राप्त किया हो। योजना अन्तर्गत स्वयं का अंशदान कटेगरी वाइस जनरल 15 प्रतिशत, ओबीसी 12.50 प्रतिशत, एससी/ एसटी और दिव्यांगता 10 प्रतिशत रहेगा। यदि आवेदक को आवेदन करने अथवा अन्य कोई समस्या आती है तो समस्या के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों से सम्पर्क कर सकते है।

## बेलहा ईगल इलेवन को मिला फाइनल विजेता का खिताब



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रीमियर लीग सीजन वन क्रिकेट मैच में बेलहा ईगल इलेवन ने अटठानवे रनों से फाइनल विजेता का खिताब अपने नाम हासिल किया है। लालगंज के बेलहा गांव में हुए प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच में जिले की बीस टीमों ने प्रतिभाग किया। माह भर के खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन में मंगलवार की शाम फाइनल मुकाबले में बेलहा ईगल इलेवन व बेलहा वारियर्स के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। फाइनल में बेलहा ईगल इलेवन ने अटठानवे रनों से जीत हासिल कर ली। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने विजेता टीम को ट्राफी व शील्ड प्रदान किया। प्रमुख अमित सिंह ने कहा कि क्रिकेट के आयोजन से टीम भावना व सौहार्द को मजबूती मिला करती है। आयोजन समिति के सदस्य उत्तम सिंह ने स्वागत तथा अवनीश सिंह ने आभार जताया। समिति के शक्ति सिंह, संजीव सिंह, ध्रुव सिंह, रवि भारती व धर्मेन्द्र कुमार सरोज के योगदान को अतिथियों ने सराहा। इस मौके पर प्रधान रामगुलाम, पूर्व प्रधान उधम सिंह, राकेश सिंह, राजेन्द्र सिंह, डॉ. वीरेश सिंह, धर्मेन्द्र सिंह आदि रहे।

## दीवार बनाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, 15 पर केस दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** कंधई थाना क्षेत्र के ताला गांव में सलमा व शहनाज के बीच बीते शनिवार को दीवार पर ईंट रखने को लेकर जमकर लाठी डंडे ईट पत्थर चलें, इस मामले में दोनों पक्षों में पन्द्रह लोगों पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि सलमा के पति मोहम्मद नईम घर सामने अपनी दीवाल पर ईंट रख रहे थे,इसी दौरान शहनाज पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी होने लगी तथा देखते देखते दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई । सलमा का आरोप है पुरानी रंजिश को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों ने पति मोहम्मद नईम पर हमला कर दिया,सिर में गंभीर चोट आई । वहीं दूसरे पक्ष की शहनाज का आरोप है कि कुल्हाड़ी गहदाला, लाठी डंडा लेकर घर में घुसकर जान से मारने का प्रयास किया गया । हमलें में शहनाज के पति अब्दुल रज्जब बुरी तरह घायल हो गये,घायल अवस्था में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां अब्दुल रज्जाब की हालत गंभीर बनी हुई है।मंगलवार को दोनों पक्षों की तहरीर पर कधंई पुलिस ने एक पक्ष से हामिद अली, अब्दुल रज्जाब अरसद मोनू, शहनाज व दूसरे पक्ष के अब्दुल हाकिम उर्फ मिठाई, आबिद अली, वकील अहमद, मोहम्मद नईम, मोहम्मद सलीम सोगरा,सोना सेबी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।एसओ कंधई गुलाब चन्द्र सोनकर ने बताया कि जमीन को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी, घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है । दोनों पक्षों की तरफ से 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## भगवान की आराधना नीति व धर्म की सच्ची उपासना : संतोष महराज



**प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर के समीप चंदापुर में हो रही श्रीमदभागवत कथा में बुधवार को श्रद्धालु रूक्मणी विवाह प्रसंग सुनकर भावविभोर हो उठे। कथाव्यास आचार्य संतोष जी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने संसार से द्वेष को समाप्त करने के लिए देवी रूक्मणी का वरण किया। उन्होनें बताया कि लक्ष्मी स्वरूपा देवी रूक्मणी को भगवान ने स्वीकार कर संसार में अधर्म से जुडे दुराभिमान को परास्त किया। आचार्य संतोष जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमदभागवत महापुराण से संसार को नीति और सत्य के मार्ग पर अविचलित रहने की प्रेरणा दी है। उन्होनें कहा कि श्रीकृष्ण की आराधना साक्षात परम सत्ता के लोकधर्म की आराधना है। उन्होनें कहा कि भगवान सदैव लोकहितकारी रहे हैं। उन्होनें यह भी बताया कि भगवान का शाश्वत प्रेम सदैव नैतिक प्रेम के मानवीय सिद्धांतो को बलवती बनाया करता है। कथा के दौरान उधव मन नाही दस बीस के भजन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथा के संयोजक समाजसेवी वीरेन्द्र त्रिपाठी तथा पं. हेमन्त शुक्ल ने व्यासपीठ का पूजन किया। इस मौके पर अधिवक्ता राजेश शुक्ला, संतोष शुक्ला, कौशलेन्द्र शुक्ल, आशुतोष मिश्र, राजेन्द्र प्रसाद, सुरेन्द्र शुक्ल, डा. पुरूषोत्तम शुक्ल, शकुंतला पाण्डेय, मनोरमा त्रिपाठी, सुधा तिवारी, श्रीकांत शुक्ल, गौरव पाण्डेय, चंद्रधर ओझा, रामलगन तिवारी आदि रहे।

# हाइवे पर खड़े डम्पर में घुसी तेज रफ्तार ट्रक, चालक की मौत खलासी घायल

अखंड भारत संदेश

## सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमासिन के पास की घटना

**कड़ा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमासिन हाइवे पर सड़क किनारे खड़े डम्पर में तेज रफ्तार ट्रक घुस गयी। जिसमें ट्रक चालक की मौत हो गयी। और खलासी घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुँची सैनी कोतवाली पुलिस ने ट्रक में ड्राइवर के शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम को भेजते हुए घायल खलासी को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजवाया। वहीं घटना के बाद हाइवे पर कई किलोमीटर लम्बा जाम लग गया। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमासिन हाइवे पर बुधवार की सुबह होटल के सामने सड़क किनारे खड़े डम्पर में राजस्थान से माल लोड करके



झारखण्ड जा रही तेज रफ्तार ट्रक घुस गयी। इस दुर्घटना में ट्रक चालक सुखदेव उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र जगलाल यादव, निवासी थाना-बबोदार झारखण्ड की दर्दनाक मौत हो गयी और खलासी भोला यादव उम्र 50 वर्ष पुत्र बाबू लाल यादव निवास- कारगालो,थाना विष्णुगढ़ जिला- हजारीबाग, झारखण्ड घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुँची सैनी कोतवाली पुलिस ने ट्रक में ड्राइवर के शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम को भेजते हुए घायल खलासी को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजवाया। वहीं घटना के बाद हाइवे पर कई किलोमीटर लम्बा जाम लग गया। फिलहाल पुलिस जेसीबी की मदद से हाईवे पर दुर्घटना ग्रस्त हुए वाहनों को हटवा रही है।

# पुलिस के छूटे पसीने : दिल्ली सीएम के बयान पर सपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विभा यादव की अगुआई में हुआ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन

**कौशांबी** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निजी टीवी चैनल में दिए गए विवादित बयान को लेकर कौशांबी में भी राजनीति गरमा गई है। बुधवार को कौशांबी समाजवादी पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष विभा यादव की अगुवाई में सैकड़ो सपाईयों ने मुख्यालय की सड़कों पर निकलकर जमकर प्रदर्शन किया जिसके चलते पुलिस के हाथ पांव फूल गए। मालूम हो कि सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान का मामला अभी थमा भी नहीं था कि दिल्ली की नव निर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा एक निजी टीवी चैनल पर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के ऊपर दिए गए विवादित बयान को लेकर एक बार फिर राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है, जिसका असर कौशांबी में भी देखने को मिल रहा है। बुधवार को कौशांबी महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष विभा यादव की अगुवाई में सैकड़ो सपाइयों ने मुख्यालय की सड़कों पर उतरकर जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया, जिसके चलते स्थानीय पुलिस के हाथ पांव फूल गए। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए आनन फानन में पुलिस ने महिला जिलाध्यक्ष विभा यादव सहित कई कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया। हालांकि बढ़ते बवाल को देखते हुए प्रशासन ने शाम तक महिला जिलाध्यक्ष सहित सभी कार्यकताओं को छोड़ दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा इस्तीफा देने व सार्वजनिक माफी मांगने के साथ-साथ भविष्य में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य किसी पदाधिकारी पर दोबारा अगर ऐसी टिप्पणी की जाएगी तो बड़े पैमाने पर सपाई सड़कों पर उतर कर आंदोलन करने की चेतावनी देते हुए राज्यपाल को संबोधित जिलाधिकारी कौशांबी को ज्ञापन सौंपा।

# पेट्रोल पंप में घटतौली और मिलावट खोरी से उपभोक्ता परेशान

## डीजल पेट्रोल खरीदने के वक्त लूटे जा रहे हैं आम जनता के साथ अधिकारी नेता भी

**कौशाम्बी।** पेट्रोल पंप में पेट्रोल और डीजल की माप में घटतौली आम बात हो गई है पेट्रोल डीजल के खरीदने पर सुबह से शाम तक ग्राहक लूट जाते हैं अफसर हो या फिर नेता या फिर आम जनता सब पेट्रोल पंप में लूटे जा रहे हैं लेकिन अफसर नेता भी पेट्रोल पंप की लूट पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं मशीन में चिप लगाकर पेट्रोल और डीजल की माप की जाती है जिसमें मीटर जंप कर जाता है जम्प करने से ग्राहकों को पेट्रोल डीजल कम मिलता है इसका शिकार आम जनता से लेकर नेता अफसर भी हो रहे हैं खुलेआम पेट्रोल पंप में घटतौली का यह खेल जीते कई वर्षों से संचालित होता है लेकिन उसके बाद भी पेट्रोल पंप की घटतौली पर योगी सरकार से लेकर मंत्री और अधिकारियों ने जांच कर हकीकत सामने लाने का प्रयास नहीं किया है पेट्रोल पंप में खुलेआम पेट्रोल डीजल के माप में हो रही घटतौली के मामले पर रोक लगाने की कोशिश नहीं की है जिससे पूरी व्यवस्था में साठगाँठ से इनकार नहीं किया जा सकता बाट माप अधिकारी भी मजबूर दिखाई पड़ते हैं उनका कहना है कि पेट्रोल पंप की जांच बिना संयुक्त रूप से टीम के पेट्रोल पंप की जांच नहीं की जा सकती है अकेले उनके विभाग को पेट्रोल पंप की जांच करने का अधिकार छीन लिया गया है और जब कभी टीम बनाकर जांच करने के लिए पेट्रोल पंप पर जाते हैं तो कई विभागों के अधिकारियों के शामिल होने के चलते जांच टीम पहुंचने के पहले ही गोपनीयता भंग हो जाती है जिससे पेट्रोल पंप की मशीन में हेराफेरी करके घटतौली के गुनाहों से पम्प संचालक बच जाते हैं।

# छात्र उपस्थिति न्यून पाये जाने पर डीएम ने व्यक्त की कड़ी नाराजगी

## उच्च प्राथमिक विद्यालय दरियापुर एवं महामाया पॉलिटेक्निक ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी कठरा चायल एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चायल का किया औचक निरीक्षण

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा विकास खण्ड नेवादा के उच्च प्राथमिक विद्यालय दरियापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत 03 शिक्षक-शिक्षिकाओं के सापेक्ष इंचार्ज प्रधानाध्यापक श्री वेदमणि पाण्डेय, सहायक अध्यापिका श्रीमती रन्नो देवी एवं सहायक अध्यापक संजय कुमार सिंह उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के समय विद्यालय में नामांकित कुल 50 बच्चों के सापेक्ष मात्र 30 बच्चे उपस्थित पाये गये। छात्र उपस्थिति न्यून पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए इंचार्ज प्रधानाध्यापक सहित सभी अध्यापकों को निर्देशित किया कि गॉव में घर-घर जाकर बच्चों को बुलाया जाय एवं छात्र उपस्थिति में वृद्धि किया जाय तथा नवीन नामांकन कराये जाने के लिए विशेष प्रयास किया जाय। विद्यालय परिसर में मात्र 02 कक्षा-कक्ष होने एवं उसमें कक्षाएं संचालित पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि 02 कमरों में कैसे विद्यालय चल रहा है। निरीक्षण में विद्यालय में ग्राम पंचायत के माध्यम से ग्राम प्रधान द्वारा बनवाये जा रहे किचेन शेड, शौचालय एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य अधूरा पाया गया, जिसे उन्होंने तत्काल पूर्ण कराये जाने





के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी नेवादा को दिया। विद्यालय में रंगाई-पुताई का कार्य न कराये जाने पर उन्होंने रंगाई-पुताई का कार्य इंचार्ज प्रधानाध्यापक को शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये। विद्यालय की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाये रखने एवं बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा एमडीएम में गुणवत्तापूर्ण मीनू के अनुसार भोजन दिये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी बच्चों की क्लासरूम में पहुँचकर बच्चों से गणित के प्रश्न, बोर्ड पर हल कराये, जिसमें अधिकतर बच्चों द्वारा बोर्ड पर प्रश्न हल कर दिया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने वेरी गुड कहते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया और प्रसन्नता व्यक्त की गयी। तत्पश्चात महामाया पॉलिटेक्निक ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, कठरा, चायल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्था के मुख्य भवन, प्रशासनिक भवन, क्लास रूम, प्रयोगशाला, क्रीडा क्षेत्र इत्यादि की साफ-सफाई, संस्था में स्टाफ एवं छात्र/ छात्राओं की उपस्थिति आदि को देखा। जिसमें कक्षाएँ सुचारू रूप से संचालित पायी गयी, परन्तु कक्षाओं में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति बहुत ही कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए यथाशीघ्र छात्र/छात्राओं की उपस्थिति शत-प्रतिशत बढ़ाये जाने के निर्देश प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ को दियें। वहाँ पर सभी व्यवस्थायें अव्यवस्थित पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ ही अन्य कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश प्रधानाचार्य को दियें। तत्पश्चात कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चायल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ममता, अंजली, वार्डेन सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहें। निरीक्षण के समय बच्चे लंच कर रहे थे। जिलाधिकारी द्वारा लंच में कढ़ी, चावल चखकर भोजन की गुणवत्ता को परखा और खाने की तारीफ की गयी। इसके उपरान्त कक्षा-कक्ष में छात्राओं से बात-चीत कर छात्राओं से पूछा गया कि क्या बनना चाहते हैं बच्चों ने जवाब दिया टीचर, पुलिस, डॉक्टर बनना चाहते हैं। डीएम ने सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के समय कम्प्यूटर हॉल में बालिकाओं खान एकेडमी असाइनमेंट कर रहीं थी, इस पर डीएम बहुत खुश हुए ।

# विकास खण्ड कार्यालय चायल का निरीक्षण कर आईजीआरएस सहित अन्य शिकायती पंजिका का डीएम ने किया अवलोकन

## जिलाधिकारी ने समस्त स्टॉफ को कार्यालय में समय से उपस्थित होने एवं रात्रि निवास कर शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के दिये निर्देश, कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित बनाये रखने, कार्यालय भवन की रंगाई पुताई करवाने एवं पत्रावलियों का रख-रखाव सूचीबद्ध तरीके से कराने के दियें निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज विकास खण्ड कार्यालय चायल का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आईजीआरएस सहित अन्य शिकायती पंजिका का अवलोकन किया, उन्होंने लम्बित शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दियें। उन्होंने समस्त स्टॉफ को कार्यालय में समय से उपस्थित होने एवं रात्रि निवास कर शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दियें। कार्यालय परिसर में साफ-सफाई



की व्यवस्था सही न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित बनाये रखने, कार्यालय भवन की रंगाई-पुताई करवाये जाने एवं पत्रावलियों का रख-रखाव सूचीबद्ध तरीके से कराने के निर्देश दियें। उन्होंने विकास खण्ड कार्यालय भवन के पीछे निमार्णाधीन खेल के मैदान को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने मनरेगा सेल में साफ-सफाई एवं फाइलों के ऊपर सम्बन्धित विवरण सूचीबद्ध तरीके से संरक्षित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने ब्लॉक मिशन प्रबन्धन इकाई कार्यालय में साफ-सफाई एवं फाइलों के ऊपर सम्बन्धित विवरण सूचीबद्ध तरीके से संरक्षित कराने के निर्देश दियें इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी, अवर अभियंता एवं समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# विकास खण्ड चायल के 01 करोड से अधिक लागत की परियोजनाओं का डीएम ने निरीक्षण कर लिया जायजा

**कौशाम्बी।** सीएमआईएस पोर्टल पर मुख्यमंत्री द्वारा परियोजनाओं का अनुश्रवण किया जा रहा है, जिसके क्रम में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज विकास खण्ड चायल के रू0 01 करोड से अधिक लागत की परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया। जनपद के विकास खण्ड चायल में पीएमजीएसवाई योजनान्तर्गत पैकेज संख्याः-4293 हरदुआ से दरियापुर सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य-परियोजना की स्वीकृत लागत रू0 10.48 करोड़ है, जिसमें अब तक कुल रू0 0.20 करोड़ की मोबलाइजेशन धनराशि प्राप्त हुई है। प्राप्त धनराशि के सापेक्ष रू 0.20 करोड़ कार्यदायी संस्था द्वारा व्यय कर लिया गया है। कार्य की भौतिक प्रगति 45 प्रतिशत है। परियोजना का निर्माण कार्य दिनांक 30.10.2022 को प्रारम्भ किया गया था तथा परियोजना पूर्ण होने की तिथि 29.10.2023 है। मार्ग की कुल लम्बाई 8.775 किमी0 है। निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर पाया गया कि मार्ग पर कुल लम्बाई में मिट्टी, सी0डी0 वर्क तथा 4.20 किमी0 पर एफ0डी0आर0 बेस का कार्य पूर्ण हुआ है, शेष कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान एफ0डी0आर0 कार्य से सम्बन्धित टेस्ट फील्ड डेन्सिटी, होमोजिनिटी (फिनोप्थलीन टेस्ट), मोस्चर्य कन्टेन्ट तथा डेप्थ टेस्ट कराये गये। कार्यस्थल पर निरीक्षण में पाया गया कि कार्य अपने निर्धारित समयावधि से लम्बित हो चुका है। डीएम ने परियोजना में श्रमिकों/मशीनरी की संख्या बढ़ाकर 02 शिफ्टों में कार्य कराये जाने तथा निर्माण कार्य को माह अप्रैल के अंत तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। नगर पंचायत, चायल वाटर सप्लाई योजना-परियोजना की स्वीकृत लागत रू0 7.37 करोड़ है, जिसमें अब तक कुल रू0 1.28 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई है। प्राप्त धनराशि के सापेक्ष रू 1.23 करोड़ कार्यदायी संस्था द्वारा व्यय कर लिया गया है। कार्य की भौतिक प्रगति 52 प्रतिशत है। परियोजना का निर्माण कार्य दिनांक 14.03.2024 को प्रारम्भ किया गया तथा परियोजना पूर्ण होने की तिथि 13.06.2025 है। निरीक्षण के दौरान परियोजना में ओवरहेड टैंक तथा चहारदीवारी निर्माण का कार्य प्रारम्भ पाया गया। पाइप लाइन बिछाने के पूछे जाने के क्रम में अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय द्वारा अवगत कराया गया कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। टंकी बनने के उपरांत पाइप की टेस्टिंग का कार्य किया जायेगा। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि निर्धारित समयावधि तक पेयजल कनेक्शन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाये तथा चहारदीवारी व टैंक का कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करा लिया जाये। जिलाधिकारी ने जिलाअर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया कि समय से कार्य पूर्ण करने के लिए सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं को पत्राचार करें, जिससे निर्माण कार्य में आने वाली समस्याओं को ससमय निस्तारण किया जाय।

# तैयबपुर मंगौरा गांव में बड़ी धांधली नियम विरुद्ध पंचायत सचिव की हुई तैनाती

**कौशाम्बी।** मंझनपुर बिकास खण्ड क्षेत्र के तैयबपुर मंगौरा गांव में नाली निर्माण इंटरलॉकिंग निर्माण सड़क मरम्मत कूड़ा दान डस्टबिन की खरीद में बड़ा घोटाला किए जाने की चर्चा है गांव में विकास योजनाएं जमीनी हकीकत में नहीं दिखाई पड़ रही है जिस पर गांव के लोगों ने जन सूचना से गांव के विकास की जानकारी मांगी लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी जन सूचना में जानकारी नहीं दी जा रही है जिससे यह लगता है कि सरकारी अभिलेखों में बड़ी हेरा फेरी कर सरकारी धन का बंदरबाट जिम्मेदारों ने कर लिया है जिससे उन्हें जन सूचना देने में समस्या दिखाई पड़ रही है मनरेगा योजना में बड़ा घोटाला है फर्जी बिल वाउचर लगा करके मनरेगा की रकम निकाली जा रही है मजदूर की उपस्थिति में भी जो मजदूर काम नहीं करते हैं उनका फर्जी नाम दर्ज करके भुगतान कराया जा रहे हैं मनरेगा योजना में कराए गए भुगतान की यदि शासन स्तर से जांच कराई गई तो मनरेगा विभाग के अफसरो के भी बदनुमा चेहरा उजागर होंगे। मनरेगा योजना से विभिन्न सामान की खरीद की गई है मनरेगा योजना में तो अफसरो का पूरा रैकेट सक्रिय है 60 प्रतिशत तक कमीशन की रकम बट रही है जिसमें बड़ा कमीशन वसूल हुआ है खुलेआम भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिए जाने के बाद भी खंड विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की कोशिश नहीं की है शिव कुमार यादव ने गांव के विकास की जानकारी जन सूचना में मांगी थी लेकिन 2 महीने बीत गया जन सूचना देने में आनाकानी की जा रही है नियम विरुद्ध तरीके से गांव के पंचायत सचिव राहुल चौरसिया को छह गांव का चार्ज दे दिया गया है काम के बोझ के चलते पंचायत सचिव ग्राम पंचायत के कार्यों को संभाल नहीं पा रहे हैं और केवल विकास कार्य में हेरा फेरी में हिस्सेदारी वसूल रहे हैं जिससे गांव क्षेत्र में तेजी से भ्रष्टाचार बढ़ा है अफसर की बड़ी लापरवाही के चलते ग्राम प्रधान मनमानी पर उतारू है और सरकारी योजनाएं चौपट है गांव में विकास न होने से आम जनता परेशान है।

# तहसील चायल का डीएम ने निरीक्षण साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## अनुपस्थित पाये गये कर्मचारियों को तहसीलदार चायल द्वारा स्पष्टीकरण जारी किया गया एवं समय से कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कडाई के साथ निर्देशित किया गया

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा तहसील चायल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भूलेख कार्यालय में कार्यरत राजिस्ट्रार कानूनगो श्री ओम प्रकाश गुप्ता, श्री अजय सिंह, श्रीमती अनामिका सिंह व सुश्री चाँदनी सरोज व नजारत में कार्यरत नजारत चपरासी श्रीमती मीना व श्रीमती नशरीन अनुपस्थित पाये गये। इसके साथ ही आर० सी० पटल पर सम्बद्ध संग्रह अनुसेवक अनुपस्थित पाये गये। इसके अतिरिक्त सग्रह अनुभाग में कार्यरत नरेन्द्र बाबू अनुपस्थित पाये गये, किन्तु जानकारी मिली कि आर0सी० मिलान के लिए मुख्यालय मंझनपुर गये हुये है।आशुलिपिक पद पर तैनात पवन श्रीवास्तव चोट लगने के कारण मेडिकल अवकाश पर हैं। तहसीलदार चायल आज प्रातः



अवमानना रिट याचिका संख्या-1025/25 के सम्बन्ध में विशेष कार्य के लिए हाईकोर्ट गये थे, किन्तु जिलाधिकारी के आने की जानकारी होने पर रास्ते से वापस आ गये, निरीक्षण के समय मौजूद थे। नायब तहसीलदार सौरभ सिंह भी विशेष कार्य से हाईकोर्ट जा रहे थे किन्तु जिलाधिकारी के आने की जानकारी होने पर वापस आ गये। नायब तहसीलदार कपिल मिश्रा तहसील कार्यालय में मौजूद थे एवं नायब तहसीलदार संजय कुमार का चैम्बर खुला हुआ था, किन्तु वो आई०जी०आ०एस० की सत्यापन के लिए ग्राम मलाक मोईनउद्दीनपुर उपरहार गये हुये थे। इसके अतिरिक्त आपूर्ति विभाग में पूर्ति निरीक्षक राम कुँवर आर्य अनुपस्थित थे। उपनिबन्धक कार्यालय में सम्बन्धित उपनिबन्धक अनुपसिथत थे, उपनिबन्धक कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा बताया बताया गया कि अवकाश पर हैं। तहसील कार्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था सुदृढ पायी गयी। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये कर्मचारियों को तहसीलदार चायल द्वारा स्पष्टीकरण जारी किया गया एवं समय से कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कडाई के साथ निर्देशित किया गया।

# न्यूज झरोखा

## सक्रिय सदस्य सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए राज्यमंत्री



**कौशाम्बी** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उत्तर प्रदेश दिनेश प्रताप सिंह बुधवार को सिराथू ब्लॉक सभागार में आयोजित सक्रिय सदस्य सम्मेलन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी भूपेन चौधरी के साथ सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मंत्री ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का कौशांबी की धरती पर आगमन पर उनका स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा की कार्यकर्ता पार्टी के मजबूत सिपाही हैं, वे अपने क्षेत्र के हर गांव- गांव तक पहुंचने का कार्य करें तथा वहां लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुने तथा उसका समाधान कराने का प्रयास करें। इसके साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में उन्हें जानकारी दें तथा जो पात्र लोग योजनाओं के लाभ से अभी तक छूटे हुए हैं, उन्हें योजना अंतर्गत लाभ दिलाने का कार्य करें राज्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब, मजदूर, युवाओं, महिलाओं के विकास के लिए कृतसंकल्पित है तथा निरंतर उनके लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, भाजपा जिला अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हनुमान मंदिर परिसर में जनसेवक विजय गुलाटी का हुआ सम्मान

### राम लीला कमेटी एवं खाटू श्याम मंडली ने साल पहनाकर किया स्वागत

**भरवारी कौशांबी** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत नया बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में जनसेवक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर समाज में अपनी पहचान बनाने वाली एवं सभी के सुख दुःख



में शरीक होने वाले वायोवृद्ध विजय गुलाटी जका रामलीला कमेटी एवं खाटू श्याम मंडली द्वारा अंग वस्त्र पहनकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर राम लीला कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी महामंत्री वेद प्रकाश उर्फ डैनी उमेश कुमार केशरवानी कोषाध्यक्ष तथा खाटू श्याम मंडली के गौरव केशरवानी उर्फ मोनू सेठ बब्बू अग्रवाल उपांशु केशरवानी राजू गुलाटी नितुल चौधरी आदि तमाम लोगों ने वायोवृद्ध विजय गुलाटी का सम्मान किया 'बाद में समाज सेवक विजय गुलाटी ने मंदिर के पुजारी सोमेश्वर नाथ को अंग वस्त्र देकर उनका सम्मान किया इस बीच लोगो में उत्साह देखने को मिला।

## भ्रष्टाचार, महंगाई, अहंकार की पर्यायवाची है भाजपा : गौरव पाण्डेय

**कौशाम्बी।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि भ्रष्टाचार, महंगाई, अहंकार की पर्यायवाची भाजपा है क्योंकि ये डबल इंजन की सरकार जब झजब मोदी सरकार इस देश के युवाओं के साथ छल करना होता है तो उनको जाति एवं धर्म में फंसा देती है आज आप देख रहे हैं गैस सिलेंडर के दाम आसमान पर हैं साग सब्जी साधारण आदमी खरीद नहीं सकता शिक्षा काफी महंगी हो गई है ! लेकिन फिर भी सरकार सुनने को तैयार नहीं है! जिस प्रकार कौशांबी



जिले की जो सबसे बड़ी समस्या है कि सभी विभागों में ऑनलाइन की सुविधा की गई है लेकिन जो भी आम नागरिक अपना ऑनलाइन किसी भी कार्य को लेकर करता है तो उसके कागज को तहसील, ब्लॉक और नगर पालिका परिषद कार्यालय पर ही रुक जाती है जब तक कोई वह व्यक्ति वहां न जाए और साहब को कुछ दे ना तब तक उसकी फाइल आगे नहीं जाएगी भ्रष्टाचार चरम सीमा पर विश्व सरकार की हम कड़ी निंदा करते हैं !आज का जो सबसे बड़ा मुद्दा है बेरोजगारी और महंगाई से जनता त्रस्त है और परेशान है सरकार के कानून में इन मामलों को लेकर जू तक नहीं रेंग रही है जो बहुत ही दुःखद है।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वितरण किया गया ई रिक्शा



**कौशांबी** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें रोजगार देने के उद्देश्य से विकासखंड सिराथू में स्वयं सहायता समूह के द्वारा महिलाओं को ई रिक्शा वितरित किया गया है कार्यक्रम की शुरूआत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लव कुश मौर्य और खंड विकास अधिकारी भावेश शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर किया है महिलाओं को ई रिक्शा दिए जाने के बाद जहां यातायात की समस्याए खत्म होगी वहीं महिलाओं को रोजगार मिलेगा और उनके परिवार खुशहाल होगा। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य ने बताया कि सिराथू ब्लॉक परिसर में महिला स्वयं सहायता समूह की बहनों को राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा संचालित स्व रोजगार के लिए प्राप्त ई रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।साथ में खण्ड विकास अधिकारी भावेश शुक्ला सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे ई रिक्शा प्राप्त करने वाली सभी बहनों को हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएँ उन्होंने दी है।

## जिला माध्यमिक विद्यालयीय खेल समिति का किया गया गठन

**कौशाम्बी** जिला माध्यमिक विद्यालयीय क्रीडा समिति की बैठक कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक कौशांबी में डॉ सच्चिदानंद यादव जिला विद्यालय निरीक्षक कौशांबी की अध्यक्षता मे बुधवार को आहूत की गई



जिसमें सर्वसम्मति से जिला कोषाध्यक्ष चुन्नीलाल सरोज प्रधानाचार्य दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा एवं जिला खेल सचिव श्याम लाल कृषक इंटर कॉलेज हिनौता को पुनः चयन किए गये ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य नीरज केसरी प्रधानाचार्य राजू यादव प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह प्रधानाचार्य डॉक्टर राम किरण त्रिपाठी नसरीन फारुकी खंड शिक्षा अधिकारी, विनय कुमार पांडे और भूतपूर्व खेल सचिव चंद्रभूषण पांडे रामसूरत महेंद्र कुमार सिंह अवध यादव विनोद यादव संदीप कुमार अजीत कुमार ज्ञानेंद्र सिंह अजीत सिंह कमल सिंह मेजर सिंह राहुल यादव बलवंत सिंह बेबी कुमारी जोसेफ इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## ट्रेन की टक्कर से अधेड़ की मौके पर हुई मौत

**कौशाम्बी।** कानपुर से प्रयागराज की तरफ जा रही ट्रेन की टक्कर से एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई हैं घटना चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावा रेलवे स्टेशन की है जानकारी के मुताबिक प्रयागराज जनपद के कसारी मसारी गांव निवासी अशोक कुमार साहू उम्र लगभग 50 वर्ष बुधवार की रात 8 बजे अपनी बहन के यहां सैयद सरवां जा रहे थे जैसे ही वह सैय्यद सरावा स्टेशन के पास रेलबे लाइन पार करने लगे तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गए ट्रेन की टक्कर लगने से घटनास्थल पर उनकी दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर रेलवे पुलिस पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटना की जानकारी जैसे ही घर परिवार रिश्तेदार को मिली रोते बिलखते रिश्तेदार परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं।

## सम्पादकीय

# ट्रम्प की जिद से शेयर बाजार तबाह

**शासक** जिद्दी और अहंकारी हो तो वह तबाही लाता ही है; पर यदि वह अमेरिका जैसे देश का हो तो बबार्दी वैश्विक ही होगी, इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साबित कर दिखाया है। उनके द्वारा छेड़े गये 'टैरिफ वॉर' ने अनेक देशों के शेयर मार्केट में बड़ी तबाही मचा दी है। जिन देशों की इकानॉमी ठोस मजबूती लिये हुए है, वहां तो इसका असर कम है लेकिन भारत जैसे देश में, जिसकी अर्थव्यवस्था आंकड़ों में तो भीमकाय है लेकिन पिछले कुछ समय से अनेक सेक्टरों में पिछड़ने और लोगों की आय में भारी गिरावट के कारण वह इस सुनामी का मुकाबला करने में नाकाम दिखाई देती है। सोमवार को जैसे ही शेयर बाजार खुला, उसमें वैश्विक घटनाक्रम का असर दिखा। कई देशों के खिलाफ अमेरिका द्वारा अपनाई गई 'रेसिप्रोकल टैरिफ' नीति से आई अनिश्चितता से भारत के शेयर बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज हुई। सेंसेक्स एवं निफ्टी दोनों में ही ऐसी बड़ी गिरावट देखी गयी कि इस दिन को 'ब्लैक मंडे' का नाम दिया गया। बताया गया है कि शेयर मार्केट के अब तक के 5 सबसे बुरे दिनों में सोमवार का शुमार हो गया। हालांकि मंगलवार को आंशिक रिकवरी देखी गयी परन्तु आशंका है कि निवेशकों का बुरा दौर जल्दी खत्म नहीं होगा।

शेयर मार्केट के जानकारों के साथ अर्थशास्त्रियों का कहना है कि भारतीय शेयर बाजार इसलिये जल्दी उठ नहीं पायेगा क्योंकि ट्रम्प ने जिन देशों पर सबसे ज्यादा टैरिफ ठोंका है, उनमें भारत भी है। चूंकि वैश्विक अर्थप्रणाली में कहीं भी होने वाली घटनाएं समग्र रूप से सभी देशों पर असर डालती है, विभिन्न देशों के साथ ट्रम्प का यह व्यवहार भारत पर भी असर डाल रहा है। ट्रम्प के इस कदम का अच्छा मुकाबला चीन कर रहा है इसलिये वह दुनिया भर के व्यवसायियों के लिये आशा का नया केन्द्र बनकर उभर रहा है। वैसे तो बौखलाये ट्रम्प ने चीन पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लागू करने की धमकी दी है लेकिन माना जाता है कि चीन का मैन्युफेक्क्रिंग सेक्टर इतना मजबूत है कि वह आसानी से अमेरिका को झेल जायेगा। समस्या भारत जैसे देश के लिये है जिसने अपने औद्योगिक आधार को बहुत कमजोर कर दिया है।

किसी भी महत्वपूर्ण मौकों पर भारत सरकार की चुप्पी इस बार भी दिखाई दे रही है। टैरिफ वॉर से देश कैसे निपटेगा और सरकार इस दिशा में क्या कर रही है, इसे लेकर वित्त मंत्रालय कोई संकेत नहीं दे रहा है। इससे भारतीय बाजार में आशंका के साथ घबराहट होनी स्वाभाविक है। विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में लाभ के प्रति बहुत आश्वस्त नहीं हैं। विशेषज्ञों की मानें तो वे लम्बे समय तक भारतीय बाजारों के उठने का इंतजार नहीं करेंगे। यदि विदेशी निवेशक टूटते हैं तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की अर्थव्यवस्था में लोगों का भरोसा खत्म होते वक्त नहीं लगेगा। इससे रिकवरी की प्रक्रिया और धीमी हो जायेगी। सरकार को बाजार के बचाव से सम्बन्धित कदम तुरन्त घोषित करने होंगे। फिलहाल तो लगता है कि सरकार ने शेयर बाजार तथा स्थानीय निवेशकों को उनके हाल पर छोड़ दिया है।

# भगवान महावीरः भारतीय संस्कृति का सूरज

-ललित गर्ग-

**प्रत्येक** वर्ष हम भगवान महावीर की जन्म-जयन्ती मनाते हैं। महावीर जयन्ती मनाने का अर्थ है महावीर के उपदेशों को जीवन में धारण करने के लिये संकल्पित होना, महावीर बनने की तैयारी करते हुए देश एवं दुनिया में अहिंसा, शांति, करूणा, प्रेम, सह-जीवन को साकार करना। शांतिपपूर्ण, उन्नत एवं संतुलित समाज निर्माण के लिए जरूरी है महावीर के बताये मार्ग पर चलना। सफल एवं सार्थक जीवन के लिये महावीर-सी गुणात्मकता को जन-जन में स्थापित करना। कोरा उपदेश तक महावीर को सीमित न बनाएं, बल्कि महावीर को जीवन का हिस्सा बनाएं, जीवन में ढालें। भगवान महावीर एक युग प्रवर्तक, कालजयी महापुरुष थे। उन्होंने एक क्रांति द्रष्टा के रूप में मानवजाति के हृदय में नवीन चेतना का संचार अपने जीवन-अनुभवों, उपदेशों, शिक्षा और सिद्धांतों के द्वारा किया। भगवान महावीर सामाजिक क्रांति के शिखर पुरुष थे, वे भारतीय संस्कृति का सूरज हैं। महावीर का दर्शन अहिंसा, शांति और समता का ही दर्शन नहीं है बल्कि क्रांति का दर्शन है। व्यक्तिगत एवं समााजिक क्रांति के संदर्भ में उनका जो अवदान है, उसे उजागर करना वर्तमान युग की बड़ी अपेक्षा है। ऐसा करके ही हम दुनिया में युद्ध, हिंसा, आतंक, आर्थिक प्रतिस्पर्धा, तनाव को समाप्त कर एक उन्नत, शांतिपूर्ण, स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकेंगे।

महावीर जन्म से ही अतीन्द्रिय ज्ञानी थे। उन्होंने कहा तुम जो भी करते हो- अच्छा या बुरा, उसके परिणामों के तुम खुद ही जिम्मेदार हो। अपने ज्ञान से उन्होंने प्राणी मात्र में चैतन्य की धारा प्रवाहित की। अक्सर वे कहा करते थे- सुख-दुख के तुम स्वयं सर्जक हो। भाग्य तुम्हारा हस्ताक्षर है। मां को फूलों से सजते देख धीरे से बोल उठे-मां! देखो ये फूल रो रहे हैं। उन्होंने लहलहाती दूब पर चलने की मां की मनुहार को भी ठुकरा दिया। मां! इस दूर्वा की सिसकियां मेरे प्राणों में सिहरन पैदा कर रही हैं। मैं भला कैसे अपने पैरों से रौंदने का साहस करूं? क्षणिक स्पर्श सुख के लिए किसी को परितापित करना क्या उचित है मां? उनकी करुणा एवं सूक्ष्म अहिंसा के सामने मां मौन थी। मन ही मन अपने लाडले की महानता के सामने नत थी। कभी किसी निरपराध अभावग्रस्त व्यक्ति की दासता उनके कोमल दिल को कचोट जाती तो कहीं अहं और दर्प में मदहोश सत्तासीन व्यक्तियों का निर्दयतापूर्ण क्रूर व्यवहार उनके मृदु मानस को आहत कर देता। महावीर घण्टों-घण्टों तक इन समस्याओं का समाधान पाने चिंतन की डुबकियों में खो जाते। तीस वर्ष की युवावस्था में सहज रूप से प्राप्त सत्ता वैभव और परिवार को सर्प कंचुकीवत् छोड़ साधना के दुष्कर मार्ग पर सत्य की उपलब्धि के लिए दृढ़ संकल्प के साथ चल पड़े। साधिक बारह वर्ष तक शरीर को भुला अधिक से अधिक चैतन्य के इर्द-गिर्द आपकी यात्र चलती रही। ध्यान की अतल गहराइयों में डुबकियां लगाते हुए सत्य सूर्य का साक्षात्कार हुआ। वे जिस दिन सर्वज्ञ व सर्वदर्शी बन गये वह पावन दिन था वैशाख शुक्ला दशमी।

महावीर ने आकांक्षाओं के सीमाकरण की बात कही। उन्होंने कहा मूर्च्छा परिग्रह है उसका विवेक करो। आज की समस्या है- पदार्थ और उपभोक्ता के बीच आवश्यकता और उपयोगिता की समझ का अभाव। उपभोक्तावादी संस्कृति महत्वाकांक्षाओं को तेज हवा दे रही है, इसीलिए जिंदगी की भागदौड़ का एक मकसद बन गया है- संग्रह करो, भोग करो। महावीर का दर्शन था खाली रहना। इसीलिए उन्होंने जन-जन के बीच आने से पहले, अपने जीवन के अनुभवों को बांटने से पहले, कठोर तप करने से पहले, स्वयं को अकेला बनाया, खाली बनाया। तप तपा। जीवन का सच जाना। फिर उन्होंने कहा अपने भीतर कुछ भी ऐसा न आने दो जिससे भीतर का संसार प्रदूषित हो। न बुरा देखो, न बुरा न सुना, न बुरा कहो। यही खालीपन का संदेश सुख, शांति, समाधि का मार्ग है। दिन-रात संकल्पों-विकल्पों, सुख-दुख, हर्ष-विषाद से घिरे रहना, कल की चिंता में झुलसना तनाव का भार ढोना, ऐसी स्थिति में भला



मन कब कैसे खाली हो सकता है? कैसे संतुलित हो सकता है? कैसे समाधिस्थ हो सकता है? जो आज को जीना सीख लेता है, समझना चाहिए उसने मनुष्य जीवन की सार्थकता को पा लिया है और ऐसे मनुष्यों से बना समाज ही संतुलित हो सकता है, स्वस्थ हो सकता है, समतामूलक हो सकता है।

हर युग की अपनी समस्याएं होती हैं। वर्तमान की भी अपनी समस्याएं हैं। आदमी सदा अपनी समस्या का समाधान खोजता है और खोजता रहा है। तो क्या समस्या भी वर्तमान की और समाधान भी वर्तमान का, यही पर्याप्त है या इसके सिवाय दूसरा भी कोई विकल्प हमारे सामने है? मैंने पढ़ा अमेरिका की एक पत्रिका ह्यटाइम्सह्व में कि अब सिंगापुर, चीन आदि में कंफ्यूशियस को फिर लाया जा रहा है। यानी कि वर्तमान समस्या का समाधान अतीत में खोजने का प्रयत्न किया जा रहा है। हमें महावीर को समझना है तो शाश्वत और अशाश्वत दोनों को समझना होगा। अतीत और वर्तमान, दोनों को समझना होगा। महावीर ने सापेक्षता का दर्शन दिया। हर आदमी एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। न केवल आदमी बल्कि प्रत्येक पदार्थ एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। हमारी विचार-तरंगें, हमारी वाणी की तरंगे, संसार की तरंगों से जुड़ी हुई हैं। सारा विश्व एक शृंखला में जुड़ा हुआ है। इसी आधार पर आचार्य उमास्वामी ने लिखा था-ह्यपरस्परोपग्रहो जीवानाम्ह्व, जीव का स्वभाव है एक-दूसरे का आलंबन बनना, सहारा बनना। यह ह्यस्ट्रंगल फार सरवाइवलह्व या ह्यस्ट्रगल फॉर एक्जिसटेंसह्व वाली बात अहिंसा के क्षेत्र में मान्य नहीं हो सकती। आज की यह विचारधारा बन गई है कि ह्यया मैं या तुमह्व। दोनों साथ नहीं चल सकते। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना इसीलिए हुई कि विरोधी विचारधारा वाले राष्ट्र भी एक साथ रह सकें, विकास कर सकें। डॉ. राधाकृष्णन ने भगवान महावीर के बारे में कहा था-आज यह जो पूरा लोकतंत्र जीया जा रहा है, महावीर के आधार पर जीया जा रहा है। वर्तमान की समस्या के समाधान के लिए हमारी दृष्टि वर्तमान पर ही न रहे, वह पीछे की ओर भी जाए। अतीत में भी हमारी समस्या के बहुत से समाधान छिपे हुए हैं। उनका साक्षात्कार करें। इसी से हमारा नया जन्म होगा।

भगवान महावीर हिंदुस्तान के महान सपूत थे। महावीर की अहिंसा में क्रमिक विकास के लिए अवकाश है। मुनि के लिए उन्होंने अहिंसा के महाव्रत का विधान किया। किंतु गृहस्थ के लिए अहिंसा के अणुव्रत का विधान है। लोकतंत्र की आधारभूमि अहिंसा और अनेकांत है। लोकतंत्र के नायकों में सबको विकास का समान अवसर देने व दूसरों के विचारों के प्रति न्याय करने की भावना प्रबल होने पर ही वह सफल होता है, अन्यथा नहीं। महावीर संयम-प्रधान व्यक्ति थे। वैसे तो संयम भारतीय साधना का सामान्य तत्त्व है। महावीर ने उसे अपनी साधना में मुख्य स्थान दिया था। उन्होंने अहिंसा को इसी संदर्भ में स्वीकार किया कि वस्तुतः अपना संयम करना ही अहिंसा है। महावीर का एक महत्वपूर्ण संदेश है ह्यक्षमाह्व। भगवान महावीर ने कहा कि ह्यखामेमि सव्वे जीवे, सव्वे जीवा खमंतु मे, मित्ती में सव्व भूएसू, वेर मज्झं न केणईह्व। अर्थात ह्यमैं सभी से क्षमा याचना करता हूं। मुझे सभी क्षमा करें। मेरे लिए सभी प्राणी मित्रवत हैं। मेरा किसी से भी वैर नहीं है। यदि भगवान महावीर की इस शिक्षा को हम व्यावहारिक जीवन में उतारें तो फिर क्रोध एवं अहंकार मिश्रित जो दुर्भावना उत्पन्न होती है और जिसके कारण हम घुट-घुट कर जीते हैं, वह समाप्त हो जाएगी।

भगवान महावीर एक कालजयी और असांप्रदायिक महापुरुष थे, जिन्होंने अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांत को तीव्रता से जीया। वे इस महान त्रिपदी के न केवल प्रयोक्ता और प्रणेता बने बल्कि पर्याय बन गए। जहां अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांत की चर्चा होती है वहां भगवान महावीर का यशस्वी नाम स्वतः ही सामने आ जाता है। महावीर के दर्शन के प्रकाश में हमें अपने आपको परखना है व अपने कर्तव्य को समझना है। तभी हम उस महापुरुष के श्रीचरणों में सच्ची श्रद्धांजलि समर्पित करने में सफल हो सकेंगे।

महावीर के उपदेश जीवनस्पर्शी हैं जिनमें जीवन की समस्याओं का समाधान निहित है। भगवान महावीर चिन्मय दीपक हैं। यदि हमें महावीर बनना है तो पल-पल उनका चिंतन करना अपेक्षित है। यह महावीर जयंती की सार्थकता है और इसी से हम महावीर बनने की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं।

# डिजिटल मीडियाःअनछुए मसलों को उजागर करने का तंत्र

- अमन नम्र

**डिजिटल** मीडिया का विकास ठीक इसी वजह से हुआ है क्योंकि यह ज्यादा व्यक्तिगत और संवाद के अनुभव प्रदान करता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म कंटेंट क्रिएटर्स को खास दर्शकों को ध्यान में रखकर ज्यादा सार्थक, विविधतापूर्ण और गहन कंटेंट बनाने की अनुमति देते हैं। चाहे वह 'यू-ट्यूब' पर खोजी पत्रकारिता हो या विशेष समाचार वेबसाइट। ये सभी अब देश की नब्ज पहचान रहे हैं, आम नागरिकों से जुड़े ऐसे मुद्दों पर ध्यान दे रहे हैं।

तेजी से बढ़ती तकनीकी प्रगति और बदलते उपभोग पैटर्न के दौर में, भारत में डिजिटल मीडिया का उदय किसी क्रांति से कम नहीं है। पारंपरिक टेलीविजन, जिसे अक्सर 'बुद्धू बक्सा' कहा जाता है, अपनी जगह खोता जा रहा है। डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म न केवल दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, बल्कि मीडिया परिदृश्य को भी नया आकार दे रहे हैं। व्यवसायियों की संस्था 'फिक्की-ईवाई' की एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि भारत का डिजिटल मीडिया उद्योग 17फीसदी की प्रभावशाली दर से बढ़ रहा है और 2025 तक 802 अरब रुपयों तक पहुंच जाएगा। यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है, जिसमें डिजिटल मीडिया अब समग्र मीडिया और मनोरंजन में 32फीसदी का योगदान देता है, लेकिन टेलीविजन उद्योग के लिए इस वृद्धि का क्या मतलब है और यह परिवर्तन अभी क्यों हो रहा है?

पारंपरिक टेलीविजन का पतन-जब भारत के सबसे सम्मानित पत्रकारों में से एक रवीश कुमार ने तीन साल पहले 'एनडीटीवी' से इस्तीफा देते वक्त अपने दर्शकों से टेलीविजन देखना बंद करने के लिए कहा था, तो कई लोगों ने इसे भारतीय मीडिया की स्थिति से निराश व्यक्ति का एक सनकी बयान माना था। फिर भी, रवीश खुद इस बात का जीता-जागता उदाहरण बन गए कि कैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म न केवल एक विकल्प, बल्कि मीडिया जुड़ाव के लिए एक ज्यादा मुनाफे वाला और विश्वसनीय जरिया पेश कर सकते हैं। 'एनडीटीवी' में अपनी भूमिका से लेकर अपना खुद का 'यू-ट्यूब' चैनल शुरू करने तक, रवीश कुमार की आय और प्रभाव दोनों में वृद्धि डिजिटल मीडिया की शक्ति का प्रमाण है। तो, टेलीविजन के साथ क्या गलत हुआ? जबकि टीवी कभी सार्वजनिक चर्चा को आकार देने में प्रमुख शक्ति था, लेकिन यह दर्शकों की बदलती प्राथमिकताओं के अनुकूल होने से खुद को दूर करता चला गया। 'बुद्धू बक्सा' उपनाम, जिसे कभी एक मजाक के रूप में देखा जाता था, अब उन लाखों लोगों की भावनाओं को दशार्ता है जिनका लगभग हर टीवी न्यूज चैनल पर लगातार चल रहे सनसनीखेज, एजेंडा-संचालित प्रसारण से मोहभंग हो चुका है। कॉरपोरेट समर्थित टीवी चैनल, अपने अति-पक्षपातपूर्ण एंकर और चीखती-चिल्लाती,



कई बार मार-पीट तक में तब्दील होती बहसों के साथ, अपने दर्शकों की जरूरतों और इच्छाओं से जुड़े रहने में विफल रहे। जैसे-जैसे टीवी समाचार तथ्य-आधारित रिपोर्टिंग से रेटिंग बढ़ाने के लिए आवेशित चचाओं में तब्दील हुआ, इसने अपनी विश्वसनीयता और प्रासंगिकता खोना शुरू कर दिया।

इसके विपरीत, डिजिटल मीडिया का विकास ठीक इसी वजह से हुआ है क्योंकि यह ज्यादा व्यक्तिगत और संवाद के अनुभव प्रदान करता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म कंटेंट क्रिएटर्स को खास दर्शकों को ध्यान में रखकर ज्यादा सार्थक, विविधतापूर्ण और गहन कंटेंट बनाने की अनुमति देते हैं। चाहे वह 'यू-ट्यूब' पर खोजी पत्रकारिता हो या विशेष समाचार वेबसाइट। ये सभी अब देश की नब्ज पहचान रहे हैं, आम नागरिकों से जुड़े ऐसे मुद्दों पर ध्यान दे रहे हैं जिन्हें अक्सर मुख्यधारा के मीडिया द्वारा दरकिनार कर दिया जाता है।

डिजिटल मीडिया की अभूतपूर्व वृद्धि-भारत में इंटरनेट की पहुंच का विस्तार, साथ ही किफायती स्मार्टफोन का प्रसार, इस वृद्धि का एक प्रमुख कारण रहा है। 2023 तक, भारत में 80 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता थे, जिनमें एक बड़ा प्रतिशत मोबाइल उपकरणों के माध्यम से सामग्री तक पहुंच रहा था। इसने वीडियो स्ट्रीमिंग, पॉडकास्ट और उपयोगकर्ता-जनित सामग्री सहित नए मीडिया प्रारूपों के फलने-फूलने का मार्ग प्रशस्त किया है। 'यू-ट्यूब,' 'इंस्टाग्राम' और 'वाट्सएप' जैसे प्लेटफॉर्म केवल मनोरंजन के स्रोत नहीं हैं; वे समाचार प्रसार, सामाजिक जुड़ाव और सक्रियता के लिए आवश्यक उपकरण बन गए हैं।

चूकि पारंपरिक टीवी नेटवर्क उच्च-लागत वाले प्रसारण ढांचे पर निर्भर रहता है, इसलिए डिजिटल प्लेटफॉर्म सस्ते और चुस्त विकल्प के रूप में उभरे हैं। डिजिटल मीडिया का लचीलापन इसे विभिन्न प्रकार के दर्शकों को संतुष्ट करने की सुविधा देता है, जिससे यह अधिक समावेशी और विविध बन जाता है। चाहे 'यू-ट्यूब' पर लंबे-चौड़े वृत्तचित्र हों या सोशल मीडिया पर त्वरित अपडेट, डिजिटल प्लेटफॉर्म युवा, तकनीक-प्रेमी दर्शकों की आदतों के अनुकूल होते हैं।

डिजिटल मीडिया की राष्ट्र की नब्ज से जुड़ने की अपील -पिछले एक दशक में, अनगिनत 'यू-ट्यूब' चैनलों, ब्लॉग और स्वतंत्र मीडिया संगठनों ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला है। दलितों और आदिवासियों के अधिकार, सरकारी भ्रष्टाचार, श्रम अधिकार, पर्यावरण प्रदूषण और जल, जंगल, जमीन जैसे प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के मुद्दे। ये डिजिटल प्लेटफॉर्म अक्सर पारंपरिक मीडिया आउटलेट की तुलना में बहुत कम संसाधनों के साथ काम करते हैं, फिर भी आम लोगों की कहानियों को उजागर करके शक्तिशाली संस्थानों को जवाबदेह ठहराने की उनकी क्षमता ने आधुनिक मीडिया परिदृश्य में उन्हें अपरिहार्य बना दिया है।

टीवी चैनल के व्यावसायिक हितों के मुकाबले डिजिटल प्लेटफॉर्म ने हाशिए के समुदायों-आदिवासियों, दलितों, किसानों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के संघर्षों को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया है। पैरवी और बदलाव में डिजिटल मीडिया की भूमिका जैसे-जैसे बढ़ती जा रही है, सामाजिक और राजनीतिक अभिव्यक्ति को आकार देने में इसकी भूमिका अधिक स्पष्ट होती जा रही है। अब जबकि डिजिटल प्लेटफॉर्म ने विविध आवाजों और एजेंडों के लिए सफलतापूर्वक जगह बना ली है, तो समय आ गया है कि ये प्लेटफॉर्म सिफ रिपोर्टिंग से आगे बढ़कर वकालत में सक्रिय भागीदार बनें।

सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक जहां डिजिटल मीडिया प्रभाव डाल सकता है, वह है जनमत को संगठित करना और नीति परिवर्तन के लिए दबाव डालना। भारत-जल-संरक्षण और कृषि भूमि की बदहाली से लेकर महिलाओं की सुरक्षा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने तक कई मुद्दों से जूझ रहा है, जबकि टीवी पर होने वाली बहसें अक्सर सनसनीखेज होती हैं। ऐसे में डिजिटल मीडिया अभियान आयोजित करने, गठबंधन बनाने और नीति निमार्ताओं पर कार्रवाई करने के लिए दबाव बनाने में कारगर भूमिका निभा सकता है।

इसके अलावा, डिजिटल मीडिया भारतीय समाज में व्याप्त विभाजनकारी आख्यानों को खत्म करने की एक ताकत हो सकती है, खासकर धार्मिक और जाति-आधारित विभाजन से जुड़े मुद्दों पर। मुख्यधारा के टीवी ने अक्सर इन विभाजनों को गहरा करने में योगदान दिया है, जिसमें एंकर डर और नफरत को बढ़ावा देने वाले एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं। दूसरी ओर, डिजिटल मीडिया में एकता, सहिष्णुता और समावेशिता को बढ़ावा देने वाले प्रति-आख्यान प्रस्तुत करने की क्षमता है। यह ऐसी नीतियों की वकालत कर सकता है जो जाति, धर्म या आर्थिक स्थिति से परे समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचाती हों।

# खतरनाक शिगूफा है 'एक राष्ट्र-एक संस्कृतिट'

- अनिल जैन

**वैसे** 'एक राष्ट्र-एक कुछ भीट, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माथे पर सवार पुराना फितूर है। 'एक राष्ट्र-एक करट यानी जीएसटी से शुरू करके 'एक राष्ट्र-एक चुनावट, एक देश-एक राशनकार्ड और 'एक देश-एक नागरिक संहिताट तक उनकी सरकार ने ऐसे अनेक नारे उछाले हैं।ट यह अलग बात है कि भारत जैसे विशाल और विविधता से भरे देश में हर नागरिक के लिए सब कुछ एक जैसा करना बिल्कुल नामुमकिन है।

अखंड भारतट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सबसे पुराना और प्रिय सपना है, जो भाजपा के सत्ता में आने के बाद से खूब देखा जा रहा है। संघ के मुखिया के भाषण से लेकर स्वयंसेवकों की व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी तक में यह 'हसीन सपनाट छाया रहता है। हालांकि यह और बात है कि इस सपने को साकार करने का ब्लू प्रिंट किसी के पास नहीं है। हां, जो भारत अभी विद्यमान है उसे खंड-खंड करने के नारे और कार्यक्रम संघ और भाजपा के पास खूब है, जिसके जरिये वे देश के आम आदमी को हलाकान किए हुए हैं।

संघ का ऐसा ही एक नारा है- 'एक राष्ट्र-एक संस्कृतिट, जो पिछले दिनों बेंगलुरू में संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में दोहराया गया। बैठक के बाद संघ के दूसरे नंबर के पदाधिकारी यानी सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि 'एक राष्ट्र-एक संस्कृतिट की पहल इसलिए की गई थी ताकि देश के लिखित इतिहास की गड़बड़ियों को ठीक किया जा सके और एक सद्भाव वाला भारत बनाया जा सके। संघ की बैठक खत्म होने के एक दिन बाद 24 जनवरी को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि-अब समय आ गया है कि 'एक राष्ट्र-एक संस्कृतिट के विचार को आगे बढ़ाया जाए।

वैसे 'एक राष्ट्र-एक कुछ भीट, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माथे पर सवार पुराना फितूर है। 'एक राष्ट्र-एक करट यानी जीएसटी से शुरू करके 'एक राष्ट्र-एक चुनावट, एक देश-एक राशनकार्ड और 'एक देश-एक नागरिक संहिताट तक उनकी सरकार ने ऐसे अनेक नारे उछाले हैं।ट यह अलग बात है कि



भारत जैसे विशाल और विविधता से भरे देश में हर नागरिक के लिए सब कुछ एक जैसा करना बिल्कुल नामुमकिन है। जीएसटी से भी कहां एक कर की व्यवस्था बन सकी। जीएसटी में ही पांच किस्म के कर लगते हैं और उसके अलावा कम से कम एक दर्जन किस्म के कर अलग से लगते हैं।

बहरहाल अब च्एक राष्ट्र-एक संस्कृतिट का शिगूफा उछाल कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी इस फितूर में शामिल हो गया है। हालांकि संघ का यह फितूर नया नहीं है। कोई नौ साल पहले 2016 में संघ के भाष्यकार एमजी (माधव गोविंद) वैद्य ने 'एक राष्ट्र-एक संस्कृतिट शीर्षक से एक लेख लिखा था, जिससे इस अवधारणा पर विचार आगे बढ़ा। उन्होंने लिखा था कि- देश के लिए एक भाषा या एक धर्म की बजाय एक साझा मूल्य प्रणाली की जरूरत है। सवाल है कि क्या संघ इस साझा मूल्य प्रणाली को ही एक संस्कृति मानता है? इससे बड़ा प्रश्न संस्कृति का है। क्या भारत एक संस्कृति या एक साझा मूल्य प्रणाली वाला देश हो सकता है? हकीकत यह है कि इतिहास में कोई कालखंड ऐसा नहीं रहा है, जब भारत भूमि पर एक साझा मूल्य प्रणाली रही हो। तो फिर अब कैसे यह विचार सामने लाया जा रहा है? भारत कभी भी एक संस्कृति वाला देश नहीं रहा है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने भारत को अनेक च्संस्कृतियों का समुच्चयट कहा है। वे मानते थे कि भारत की सभ्यता का निर्माण कई संस्कृतियों के मेल से हुआ है ये संस्कृतियां एक दूसरे से भिन्न भी हैं। इसीलिए उन्होंने भारत की सभ्यता को 'विरूद्धों में सामंजस्यट साधने वाला कहा है।

इसीलिए जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 'एक राष्ट्र-एक संस्कृतिट की बात करता है तो हैरानी होती है। संघ भले ही खुद को सांस्कृतिक संगठन बताता हो और अपने को भारतीय संस्कृति का आधिकारिक भाष्यकार भी मानता हो, लेकिन उसे यह समझना अभी बाकी है कि भारत एक संस्कृति वाला देश न तो कभी था और न कभी हो सकता है। संस्कृति और सभ्यता के अंतर को लेकर भी उसकी समझ संदिग्ध मालूम होती है।

पांच हजार साल की भारतीय सभ्यता अगर आज तक अपनी निरंतरता बनाए रख सकी है तो इसकी वजह यही है कि इस दौरान यहां अनेक संस्कृतियां नष्ट हुईं और नई संस्कृतियों का जन्म हुआ लेकिन वे सभ्यता के विशाल समूह का हिस्सा बनी रहीं। वैसे भी भारत जैसे देश में एक संस्कृति की बात कैसे सोची जा सकती है, जहां कोस-कोस पर पानी और दो कोस पर बानी बदलने की बात कही जाती हो।

पानी और बानी बदलने के साथ ही संस्कृति के कई तत्व भी बदलते जाते हैं। भारत में सैकड़ों भाषाएं और हजारों बोलियां हैं। हर बोली के साथ उसकी अपनी संस्कृति जुड़ी हुई है। हर भाषा और बोली के साथ उसके अपने त्योहार और परंपराएं जुड़ी हुई हैं। यहां तक कि धार्मिक मान्यताएं भी भौगोलिक क्षेत्र के हिसाब से बदल जाती हैं। इस लिहाज से कह सकते हैं कि संस्कृति एक व्यापक अवधारणा का एक बहुत छोटा हिस्सा है।

भारत में कितनी सामाजिक भिन्नताएं हैं, कितनी परंपराएं हैं, कितनी मान्यताएं और कितने लोक व्यवहार हैं, कितनी भाषाएं और कितनी बोलियां हैं, किस तरह के खान-पान और पहनावे की भिन्नता है, यह सब बातें प्रख्यात समाजशास्त्री एमएन श्रीनिवास या श्यामाचरण दुबे की किताबों को पढ़कर भी समझा जा सकता है।

# एआरटीओ ने अभियान चलाकर 15 ई-रिक्शे किए सीज, 50 का किया चालान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर शहर में अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा और ऑटो के खिलाफ परिवहन विभाग की सख्त कार्रवाई जारी है। बुधवार को शहर के प्रमुख मार्ग प्रयागराज रोड, पुरानी बाजार, सदर बाजार, बेड़ी पुलिया, शंकर बाजार, धनुष चैराहे पर सघन जांच करते हुए बिना लाइसेंस, बिना चेसिस नं और बिना फिटनेस वाले एक सैकड़ा ई-रिक्शा एवं ऑटो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रदेश सरकार के आदेश पर अनाधिकृत और अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा व ऑटो के खिलाफ एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष अभियान की शुरूआत की गई है। जिसका उद्देश्य शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुधारना है। साथ ही जनता को सुरक्षित परिवहन मिल सके और



ई-रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई करते अधिकारी

कोई अप्रिय घटना न घटे, इसके लिए लगातार जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत बिना वैध दस्तावेजों के चल रहे 50 ऑटो ई-रिक्शा के चालान किए और 15 ई-रिक्शा को सीज किया गया। बताया कि नाबालिग चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी और बिना लाइसेंस के ई-रिक्शा चालक के संचालन को रोका जाएगा। कहा कि इस अभियान का उद्देश्य अवैध रूप से संचालित वाहनों के कारण उत्पन्न होने वाली यातायात संबंधी समस्याओं और सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है।

पीटीओ दीप्ती त्रिपाठी ने बताया कि यह अभियान नागरिकों की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि हम सभी यातायात नियमों का पालन करें और एक जिम्मेदार नागारिक की भूमिका निभाएं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा करें। बताया कि जिले में लगातार चेकिंग अभियान के माध्यम से कार्यवाही जारी रहेगी।

## ई-रिक्शा चालकों पर चला प्रशासन का डंडा, मचा हड़कंप

- 50 चालान, 25 ई-रिक्शा सीज
- एआरटीओ-पीटीओ की संयुक्त कार्रवाई

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर में चल रहे विशेष अभियान के तहत 1 से 30 अप्रैल तक अवैध ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को चित्रकूट में भी परिवहन विभाग की टीम हरकत में आई और एआरटीओ-पीटीओ की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 50 ई-रिक्शा चालकों का चालान किया जबकि 25 ई-रिक्शा सीज कर दिए गए। यह अभियान बिना लाइसेंस, बिना पंजीकरण और अन्य अवैध तरीकों से संचालित हो रहे ई-रिक्शा के विरुद्ध चलाया जा रहा है। कार्यवाही में अधिकारियों ने बताया कि शासन के निर्देशों का पालन सख्ती से कराया जाएगा और किसी भी अनियमित वाहन को बख्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई में कई रिक्शा चालकों में अफरा-तफरी मच गई और कुछ अवैध रिक्शा चालक अपने वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। इस पूरी कार्रवाई से जिले में ई-रिक्शा चालकों में हड़कंप मच गया है। एआरटीओ ने कहा कि जिन चालकों के पास वैध कागजात नहीं हैं, वे जल्द से जल्द पंजीकरण और ड्राइविंग लाइसेंस बनवाएं, अन्यथा कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत यह अभियान लगातार चलेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## घर में घुसकर चुरा ले गए बकरियां सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**चित्रकूट।** जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र के देहरुच गांव में नकाबपोश चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए इलाके में सनसनी फैला दी है। बीती रात दो अज्ञात नकाबपोश चोर एक घर में घुसे और वहां बंधी करीब 15 बकरियों को चोरी कर फरार हो गए। चुराई गई बकरियों की कीमत लाखों में आंकी जा रही है। पीडित ने बताया कि वारदात की पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है, जिसमें दो चोर रात के अंधेरे में मुंह पर नकाब बांधे हुए नजर आ रहे हैं। वे बेहद सुनियोजित तरीके से बकरियों को खोलते और ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित परिवार ने सुबह घटना की जानकारी होते ही थाना रैपुरा में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक रैपुरा कोघटना के शीघ्र खुलासे हेतु निर्देशित किया गया है। वहीं पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच तेज कर दी है और जल्द ही चोरों की पहचान कर गिरफ्तारी की बात कही जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार




**चित्रकूट।** एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश में जिले में अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने को चलाए जा रहे अभियान में कोतवाली कर्वी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में दारोगा अनिल मिश्रा व उनकी टीम ने नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। ज्ञात है कि दिनांक 03 अप्रैल को कोतवाली कर्वी क्षेत्र की एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि ग्राम निवासी रावेंद्र कुमार पुत्र रामलाल उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में मुकदमा दर्ज किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 09 अप्रैल को आरोपी रावेंद्र उर्फ हनी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता के बयान एवं मेडिकल परीक्षण के बाद मामले में धारा 64(2) बीएनएस व 4(2) पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में दारोगा अनिल मिश्रा व सिपाही इंदल कुमार शामिल रहे।

### बाबा साहब की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाने की तैयारी



#### 11 को निकलेगी धम्म यात्रा

**चित्रकूट।** संविधान निमार्ता भारत रत्न बोधिसत्व डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती इस वर्ष भी चित्रकूट में भव्यता व सामाजिक जागरूकता के साथ मनाई जाएगी। भारतीय बौद्ध महासभा ( शाखा चित्रकूट) के तत्वावधान में होने वाले इस समारोह की रूपरेखा समिति की पांचवीं बैठक में तय की गई, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ संरक्षक गज्जू प्रसाद फौजी ने की। बैठक में बताया कि 11 अप्रैल को सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महामना ज्योतिबा फुले की जयंती के मौके पर दोपहर 3 बजे से 7 बजे तक मोटरसाइकिल धम्म यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा पुरानी कोतवाली से शुरू होकर शहर के विभिन्न हिस्सों: भैरों पागा, शंकर बाजार, कसहाई रोड, ओवरब्रिज, पटेल तिराहा, सोनेपुर से होते हुए पुनः पुरानी कोतवाली पर समापन के साथ मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि सभा में परिवर्तित होगी। 14 अप्रैल को सुबह 8 बजे धम्म प्रभातफेरी निकाली जाएगी, जो पटेल तिराहा से प्रारंभ होकर धुस मैदान में समाप्त होगी। यहां विचार गोष्ठी, अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एवं बाबा साहेब व तथागत बुद्ध के जीवन संघर्षों पर आधारित विमर्श होगा। कार्यक्रम में गिरीश माहौर, डॉ सुदामा प्रसाद, ज्ञानचंद बौद्ध, नगीना, विनोद वर्मा, अभिषेक कुमार, शिवप्रसाद, जाहर सिंह समेत बड़ी संख्या में धम्म बंधु मौजूद रहे। संचालन विनोद कुमार शिक्षक ने किया।

## सियासी सन्नाटा : गुटबाजी नही, पीडीए से डर लगता है साहेब

निरंजन पाण्डेय

- पीडीए की चाल, बीजेपी बेहाल?
- जातीय समीकरण के गिरेबान में चित्रकूट
- नेता विशेष का बढता अप्रत्याशित कद

**चित्रकूट।** जिले की राजनीति में इस समय एक खामोश हलचल तेजी से दौड़ रही है- न तो जिले में बीजेपी के पास लोकसभा सीट है, न ही विधानसभा की मुख्य सीट कर्वी। अपवाद है तो बस मऊ-मांनिकपुर विधानसभा, जो वर्तमान में सहयोगी दल अपना दल (एस) के कब्जे में है। लेकिन जमीनी कार्यकर्ता से लेकर शीर्ष स्तर तक, बीजेपी की असली चिंता किसी अन्य विपक्षी पार्टी से नहीं, बल्कि सपा बैक्ड पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) समीकरण से है, जो अखिलेश यादव के नेतृत्व में एक मजबूत सामाजिक गठबंधन बनता जा रहा है।

जब से अखिलेश यादव ने पीडीए का कार्ड खेला है, चित्रकूट जैसे सामाजिक दृष्टि से जटिल जिले में उसकी पकड़ लगातार मजबूत होती दिख रही है। विशेष रूप से पिछड़े वर्गों व दलित समुदायों में बढ़ता झुकाव बीजेपी के लिए खतरे की घंटी बन गया है। स्थानीय बीजेपी कार्यकर्ता अब हर विकास कार्य, हर जनहित के निर्णय को पीडीए हित के चश्मे से देखने और दिखाने में लगे हुए हैं- ताजा उदाहरण है वक्फ बिल, जिसे कुछ भाजपा नेताओं ने पीडीए के हित में बताकर प्रचारित करने की कोशिश की।

बीजेपी का आला नेतृत्व भी इस नए समीकरण को नजरअंदाज नहीं कर रहा। शायद यही वजह है कि पार्टी ने जिला अध्यक्ष पद पर एक ऐसे नेता को बिठाया, जो पीडीए वर्ग से आता है- ताकि जातीय संतुलन साधा जा सके और सामाजिक समीकरण की काट तैयार की जा सके। लेकिन इस नियुक्ति से पहले ही पार्टी में एक नया असंतुलन जन्म ले चुका था- गुटबाजी, जो शायद पार्टी आलाकमान जानबूझकर नजरअंदाज कर रहे है। सूत्रों के मुताबिक, जिला अध्यक्ष के चयन के बाद एक खास नेता का राजनीतिक कद अप्रत्याशित रूप से बढ़ा है। इससे कई वरिष्ठ नेता खुद को हाशिये पर महसूस करने लगे हैं। पार्टी के अंदरूनी हलकों में इस बाबत गजब की हलचल है, पर कोई खुलकर कुछ बोल नहीं रहा- ऊपर से सब कुछ गुटबाजी नहीं, संगठन में एकता का राग अलाप रहे हैं, लेकिन हकीकत ये है कि डर गुटबाजी का नहीं, पीडीए का है साहब। वहीं जब जिलाध्यक्ष से बात की तो नकारते हुए कहा गुटबाजी नही, आनन्द है।

राजनीतिक विश्लेषण कहते हैं कि अगर बीजेपी ने स्थानीय स्तर पर पीडीए की काट नहीं ढूंढी, तो 2027 के विधानसभा चुनाव तक चित्रकूट का पूरा जातीय समीकरण उनके खिलाफ खड़ा हो सकता है। साथ ही, सहयोगी दल अपना दल की भूमिका भी निर्णायक रहेगी, क्योंकि अगर वह खुद को स्वतंत्र रूप से मजबूत करता है, तो बीजेपी के परंपरागत वोट बैंक में भी सेंध लग सकती है।




## किसान समस्याओं को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**चित्रकूट।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के तत्वाधान में बुधवार को ब्लॉक परिसर कर्वी सभागार में मासिक किसान पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही इस सम्बन्ध में ज्ञापन भी सौंपा गया।

ब्लाक अध्यक्ष नरेश सिंह व सदर तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में किसानों ने अन्ना गौवंशों को गौशालाओं पर संरक्षित करने, ग्राम संग्रामपुर में खराब पड़े सरकारी हैण्डपंपो व समरसेबुलों को बनवाने, गांव में नियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत कार्यालय बनाकर किसानों का शोषण करने सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके बाद इन समस्याओं के समाधान के लिए एडीओ कोऑपरेटिव नीरज सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर किसान छेदीलाल सिंह, विजय त्रिपाठी, रामेश्वर सिंह, संत गोपाल भारतीय, कमलेश सिंह, श्रीकेशन राजपूत, राममिलन प्रजापति, अवधबिहारी सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस आरक्षियों को दिया गया प्रशिक्षण



**चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में चल रहे सात दिवसीय सीसीटीएनएस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बुधवार को पुलिस आरक्षियों को जनसुनवाई/ आईजीआरएस पोर्टल से सम्बन्धित जानकारी दी गई।

अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में बुधवार को प्रभारी निरीक्षक आईजीआरएस प्रदीप कुमार यादव व आरक्षी मानवेन्द्र ने बताया कि आईजीआरएस पोर्टल मुख्यमंत्री की महात्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इस पोर्टल का उद्देश्य प्राप्त जनसमस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना है। जिसकी समीक्षा शासन स्तर पर प्रतिदिन की जाती है। इस दौरान आरक्षियों को जनपद एवं थाना स्तर पर फीडबैक में सुधार के सम्बन्ध में, पोर्टल में प्राप्त समस्याओं का शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर निस्तारण के सम्बन्ध में व निस्तारण आख्या को पोर्टल पर अपलोड करने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। बताया कि पोर्टल का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं के प्रति नागरिकों की शिकायतों का समाधान करना है। यह प्रणाली नागरिकों को उनकी शिकायते दर्ज करने, ट्रैक करने और समाधान प्राप्त करने में सुविधा प्रदान करती है तथा शासन व पुलिस के प्रति पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने में सहायक है।

## पेयजल योजना का निरीक्षण

**चित्रकूट।** अधिशाषी अभियंता आशीष कुमार भारती ने जल जीवन मिशन की महत्वपूर्ण परियोजना रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत ग्राम सरैया में निमार्णाधीन ओएचटी सहित ग्राम पंचायत हेला, ग्राम पंचायत कल्याणपुर के लक्ष्मणपुर आदि का भौतिक निरीक्षण कर ग्रामीणों से नियमित जलापूर्ति का फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नियमानुसार सभी ग्रामों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जलापूर्ति का ऑपरेटिंग सिस्टम नियमानुसार दुरुस्त किया जाए तथा ग्रामों में लोगों को पेयजल सरंक्षण के प्रति जागरूक करें। इस मौके पर जीवीपीआर के प्रोजेक्ट मैनेजर एस मौर्य, सीनियर इंजीनियर रवि द्विवेदी, अवर अभियंता नित्यानंद आदि मौजूद रहे।

## वन विभाग की टीम ने चलाया जांच अभियान



**मानिकपुर, चित्रकूट।** वन एवं वन्यजीव सुरक्षा माह के तहत उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व व प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्युष कुमार कटियार के निर्देशन में भेड़ा वन क्षेत्र मारकुण्डी रेंज-2 के अर्न्तगत मोहम्मद नदीम के नेतृत्व में मारकुण्डी मार्ग पर आरक्षित वन क्षेत्रों के बाहर वन उपज के अवैध अभिवहन तथा वनों में अवैध शिकार के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया।

वन एवं वन्यजीव सुरक्षा माह पर प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि यह सुरक्षा अभियान समस्त रेंजों में आठ अप्रैल से आठ मई तक मनाया जायेगा। जिसमें आरक्षित वन एवं प्रोटेक्टेड एरिया में प्रवर्तन की निजी क्षेत्रों में अवैध कटान की रोकथाम, अवैध आरा मशीनों की स्थापना एवं संचालन के विरूद्ध विधिक कार्यवाही, आरक्षित वन क्षेत्रों के बाहर वन उपज के अवैध अभिवहन पर कार्यवाही तथा समस्त प्रभागों में अवैध शिकार के विरुद्ध अभियान चलाया जायेगा। बताया कि अभियान के तहत वनों एवं वन्य जीवों को क्षति पहुंचाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम धारा 1927, वन्य जीव सरंक्षण अधिनियम 1972, उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976, वन संरक्षण अधिनियम 1980 तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 इत्यादि की सुसंगत धाराओं के अर्न्तगत दण्डात्मक कार्यवाई की जाएगी। इस मौके पर वन दारोगा विनोद कुमार कुशवाहा, सुजीत प्रजापति, वन रक्षक अरूण कुमार दिनेश कुमार, राजू आदि मौजूद रहे।

## बाल सभा का आयोजन कर बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**चित्रकूट।** बाल मित्र ग्राम पंचायत पियारिया माफी, ग्राम पंचायत मदना, लोढ़वारा व चकौंध में बुधवार को बाल सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए दायित्वों के बारे में बताया गया। ग्राम पंचायत पियरिया माफी में आयोजित बाल सभा में यूनिसेफ के मंडलीय सलाहकार राजेश सैनी, पंचायत सहायक एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक विशेष कुमार त्रिपाठी, रामचंद्र, कमलेश रैकवार सहित प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रधान, सचिव व वार्ड मेंबरों ने बच्चों को उनके अधिकार एवं दायित्व के बारे में बताया। इस दौरान बाल सभा में नए बच्चों को शामिल करते हुए उन्हें पद सौंपा गया। जिसमें आशीष कुमार को अध्यक्ष, प्रीती देवी को उपाध्यक्ष, रज्जू को शिक्षा मंत्री, रक्षा को शिक्षा उपमंत्री, सुन्दरलाल को स्वास्थ्य मंत्री, प्रिया को स्वास्थ्य उपमंत्री, अनिल को पोषण मंत्री, रेशमा को पोषण उपमंत्री, कल्लू को खेलकूद मंत्री, मुस्कान को खेलकूद



कार्यक्रम में उपस्थित बाल पदाधिकारी

उपमंत्री, शुभम को सुरक्षा मंत्री, शिवानी को सुरक्षा उपमंत्री, शिवम को सम्पर्क मंत्री, खुशबू को सम्पर्क उपमंत्री, वेद को योजना मंत्री व प्रियंका को योजना उपमंत्री बनाया गया।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत लोढ़ावारा व चकौंध में आयोजित बाल सभा में जेंडर विशेषज्ञ मीनू सिंह व प्रिया माथुर ने बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए बेहतर शिक्षा के लिए नियमित विद्यालय आने के लिए प्ररित किया। इसके अलावा बाल मित्र ग्राम पंचायत मदना के कंपोजिट विद्यालय में आयोजित बाल सभा में बाल पदाधिकारियों ने बताया कि बाल सभा के प्रयासों से ग्राम प्रधान द्वारा लगभग 100 मीटर सड़क बनवाई गई। लोगों ने अपने जानवर रास्तों में बांधना बंद कर दिया व बच्चों के खेलने के मैदान के लिए प्रस्ताव भी विभाग में दिया जा चुका है, लेकिन अभी लेखापाल द्वारा जगह आवंटित नहीं की गई है। बाल पदाधिकारियों ने बताया कि स्कूल के पीछे खेत में गोबर फेंके जाने से दुर्गंध आती है एवं स्कूल के ऊपर से गुजरी हाई टेंशन बिजली की तार बांस के पेड़ से छूती है, जिसमें बिजली का करेंट उतरने का डर रहता है। इस पर ग्राम प्रधान ने बताया कि इस सम्बन्ध में अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

## बौद्ध महासभा ने बैठक कर जयंती आयोजन की बनाई रणनीति

**चित्रकूट।** डॉ अम्बेडकर जयन्ती समिति अन्तर्गत भारतीय बौद्ध महासभा ने बुधवार को बैठक कर संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयन्ती को समारोह के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

ब्लाक मुख्यालय कर्वी में वरिष्ठ संरक्षक गज्जू प्रसाद फौजी की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति के पदाधिकारियों को समारोह से सम्बन्धित जिम्मेदारियां दी गई। बताया कि समारोह का प्रचार करने के लिए सामाजिक क्रान्ति शिक्षा के अग्रदूत ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर 11 अप्रैल को मोटरसाइकिल धम्म यात्रा निकाली जाएगी। जो पुरानी कोतवाली कर्वी से चलकर, भैरों पागा, शंकर बाजार, नई दुनिया, बनवारी पुर, कसहाई रोड, ट्रैफिक चैराहा, पटेल तिराहा, सीआईसी रोड, एलआईसी तिराहा, होते हुए पुरानी कोतवाली में समाप्त की जाएगी। जहां मोमबत्ती जलाकर आदरांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद आगामी 14 अप्रैल को डॉ अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सुबह आठ बजे ब्लाक मुख्यालय में धम्म यात्रा (प्रभातफेरी) निकाली जाएगी। इसके बाद विचार गोष्ठी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही भगवान बुद्ध एवं बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन संघर्षों पर चर्चा के साथ अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें डॉ अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत तथा 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही समाज में बुद्ध व बाबा साहब की विचार धारा को अमल करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विनोद कुमार ने किया।

इस मौके पर इं. गिरीश माहौर, ज्ञानचंद बौद्ध, विनोद कुमार वर्मा, डॉ सुदामा प्रसाद, नगीना, मतगंजन प्रसाद, अभिषेक कुमार, शिवप्रसाद, दिनेश कुमार, गयाप्रसाद बौद्ध, जाहर सिंह, शंकर दीन, गणेश शंकर विद्यार्थी, बीरेंद्र कुमार, भैयालाल, गीता वर्मा, निर्भय कोटार्य, रामप्रसाद कबीर, राम सिया, कमलेश कुमार, चन्द्र प्रकाश, संजय गौतम, रामनाथ, दिनेश कुमार सनेही, धर्मेन्द्र भास्कर, आदि उपस्थित रहे।

## समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है भाजपा : आनंद शुक्ला

अखंड भारत संदेश

**मनिकपुर, चित्रकूट।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को मानिकपुर विधानसभा में सक्रिय सदस्य सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया। तीन सत्रों में आयोजित इस सम्मेलन में भाजपा पदाधिकारियों ने सक्रिय सदस्यों को सम्बोधित किया।

सम्मेलन के प्रथम सत्र में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के संगठनात्मक चुनाव की शुरूआत प्राथमिक सदस्यता अभियान से हुई। इस अभियान में सक्रिय सदस्य बनाते हुए भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। भाजपा में सभी वर्गों को समाहित कर संगठन संरचना का कार्य करते हुए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है तथा आगे भी




कार्यक्रम में उपस्थित भाजपाई

ऐसा ही होगा। कहा कि भाजपा ने 11 वर्षों में पार्टी संगठन को निचले स्तर से लेकर शीर्ष तक लगातार मजबूत किया है। भाजपा अकेली ऐसी राष्ट्रीय पार्टी है, जिसे विचारधारा और पालिटिक्स के आधार पर अलग से पहचाना जाता है।

द्वितीय सत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष बांदा सुनील पटेल ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है, जो भारत को एक समृद्ध, सुदृढ़ एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्पित है। आजादी के बाद से कौंग्रेस सरकार के चाल, चरित्र और तुष्टिकरण को समाप्त करने के लिए भाजपा का उदय हुआ। तीसरे व अंतिम सत्र में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जनपद चित्रकूट के प्रभारी अनिल यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षो की विकसित भारत की यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि 2014 के बाद भारत ने विश्व में जो अपनी पहचान बनाई है, उसे इतिहास में अनेकों वर्षों तक याद किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है, जो भाई-भतीजावाद व परिवारवाद से विरक्त राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर चलने वाली पार्टी है। पार्टी का संगठनात्मक चुनाव पूरी तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होता है और सभी वर्गों को समान भागीदारी मिलती है। पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने कहा कि पीएम मोदी व सीएम योगी के नेतृत्व में भारत देश लगातार उन्नति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। आज दुनिया में भारत का नाम हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राघवेन्द्र सिंह ने किया।

इस मौके पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, ब्लाक प्रमुख सुशीला वर्मा मऊ, रामनगर गंगाधर मिश्रा, जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, अश्विनी अवस्थी, अभियान के संयोजक आनन्द पटेल, भाजपा नेता बद्री प्रसाद त्रिपाठी, विकास मिश्रा, मनोज तिवारी, दिव्या त्रिपाठी, राजेश्वरी द्विवेदी, हीरो मिश्रा, महेश पांडेय, पुरुषोत्तम अग्रहरि, पुष्पराज सिंह, कैलाश मिश्रा, अजय मिश्रा, राजाराम पाल, मुन्नालाल प्रजापति, ममता तिवारी, मोहनदास मिश्रा, राकेश कोल, द्रोणाचार्य द्विवेदी, प्रदीप पांडेय आदि मौजूद रहे।

# डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ली का अध्यक्ष पद से इस्तीफा, लड़ेंगे राष्ट्रपति चुनाव

**सोल। डेमोक्रेटिक** पार्टी (डीपी) के नेता ली जे-म्यांग ने बुधवार को पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। वे 3 जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेंगे। यह चुनाव दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पद से हटने के बाद हो रहे हैं।

देश की सबसे बड़ी पार्टी को उम्मीद है कि ली गुरुवार तक राष्ट्रपति पद के लिए अपनी दावेदारी का ऐलान कर देंगे।

योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, ली को चुनाव में अग्रणी उम्मीदवार माना जा रहा है। हालांकि वे कई घोटालों के केंद्र में हैं, जिनमें सोल के दक्षिण में सेओंगनाम में भूमि विकास घोटाला भी शामिल है। 2022 में राष्ट्रपति पद की दौड़ में यून से थोड़ा अंतर से हारने के बाद



उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी (डीपी) की अध्यक्षता जीत ली थी।

इससे पहलले दक्षिण कोरियाई सरकार ने मंगलवार को औपचारिक रूप से ऐलान किया कि राष्ट्रपति चुनाव 3 जून को होगा। पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पद से हटाए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया है। यह घोषणा कैबिनेट बैठक में की गई जो कि यून महाभियोग केस में संवैधानिक न्यायालय के फैसले के चार दिन बाद हुई।

न्यायालय ने यून के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव जारी रखा जिसका मतलब था कि उन्हें अपना पद छोड़ना होगा और नए राष्ट्रपति चुनाव कराए जाएंगे।

संविधान के अनुसार, देश में राष्ट्रपति पद रिक्त होने के 60 दिनों के भीतर नए चुनाव कराना अनिवार्य है। जब पूर्व राष्ट्रपति पार्क ग्यून-हे को 10 मार्च, 2017 को पद से हटाया गया, तो चुनाव ठीक 60 दिन बाद, 9 मई को आयोजित किए गए। सरकार ने 3 जून को अस्थायी सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया है।

पिछले शुक्रवार को संवैधानिक न्यायालय के फैसले के तुरंत बाद राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों का पंजीकरण शुरू कर दिया था।

योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, चुनाव के तुरंत बाद नए राष्ट्रपति बिना किसी ट्रांजिशन टीम के पदभार ग्रहण करेंगे।

बता दें राष्ट्रपति यून ने 03 दिसंबर की रात को दक्षिण कोरिया में आपातकालीन मार्शल लॉ की घोषणा की, लेकिन संसद द्वारा इसके खिलाफ मतदान किए जाने के बाद इसे निरस्त कर दिया गया। मार्शल लॉ कुछ घंटों के लिए ही लागू रहा लेकिन इसने देश की राजनीति को हिला कर रख दिया। नेशनल असेंबली ने राष्ट्रपति यून सुक-योल के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित किया। प्रधानमंत्री हान डक-सू ने उनकी जगह ली लेकिन उनके खिलाफ भी महाभियोग पारित हुआ।

इसके बाद उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री चोई सांग-मोक कार्यवाहक राष्ट्रपति और कार्यवाहक प्रधानमंत्री दोनों की जिम्मेदारी संभालने लगे। हालांकि 24 मार्च को संवैधानिक न्यायालय ने प्रधानमंत्री हान डक-सू के महाभियोग को खारिज कर दिया।

# दक्षिण कोरिया की सेना ने उत्तर कोरियाई सैनिकों पर चेतावनी के तौर पर चलाईं गोलियां

**सोल। दक्षिण** कोरिया की सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने कुछ उत्तरी कोरियाई सैनिकों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं, जब वे सैन्य विभाजन रेखा (एमडीएल) को पार कर दक्षिण कोरिया के क्षेत्र में थोड़ी देर के लिए घुस आए थे।

दक्षिण कोरिया के संयुक्त प्रमुखों के स्टाफ (जेसीएस) के अनुसार, करीब 10 उत्तरी कोरियाई सैनिकों ने दक्षिण कोरिया की सेना की चेतावनी सुनने और गोलियां चलाए जाने के बाद उत्तर की ओर लौट गए। यह घटना पूर्वी मोर्चे पर हुई।

जेसीएस ने कहा कि दक्षिण कोरिया की सेना उत्तरी कोरियाई सेना की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रही है और ऑपरेशनल प्रक्रियाओं के अनुसार जरूरी कदम उठा रही है।



जेसीएस ने कहा कि यह संभावना है कि उत्तरी कोरियाई सैनिकों का सीमा पार करना गलती से हुआ होगा, जबकि वे अपनी नियमित गश्त पर थे। एक सैन्य अधिकारी ने बताया, "ऐसा लगता है कि वे कुछ तैयारी कार्य के लिए खुफिया मिशन पर थे, और गलती से सैन्य विभाजन रेखा पार कर गए।"

यह घटना दक्षिण कोरिया के संवैधानिक न्यायालय द्वारा दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल को पद से हटाने के कुछ ही दिन बाद हुई है।

जो क्षेत्र उत्तरी कोरियाई सैनिकों ने पार किया, वह दक्षिण कोरिया के गंसोंग काउंटी के पास था।

इससे पहले इस सप्ताह, दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा था कि करीब 1,500 उत्तरी कोरियाई सैनिक सीमा के पास प्रशिक्षण कर रहे थे, जिसमें वे कांटेदार तार स्थापित करने का काम कर रहे थे।

## 3 जून को होगा राष्ट्रपति चुनाव, सरकार का फैसला

**सोल। दक्षिण** कोरियाई सरकार ने मंगलवार को औपचारिक रूप से ऐलान किया कि राष्ट्रपति चुनाव 3 जून को होगा। पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पद से हटाए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया है।

यह घोषणा कैबिनेट बैठक में की गई जो कि यून महाभियोग केस में संवैधानिक न्यायालय के फैसले के चार दिन बाद हुई। न्यायालय ने यून के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव जारी रखा जिसका मतलब था कि उन्हें अपना पद छोड़ना होगा और नए राष्ट्रपति चुनाव कराए जाएंगे।

संविधान के अनुसार, देश में राष्ट्रपति पद रिक्त होने के 60 दिनों के भीतर नए चुनाव कराना अनिवार्य है। जब पूर्व राष्ट्रपति पार्क ग्यून-हे को 10 मार्च, 2017 को पद से हटाया गया, तो चुनाव ठीक 60 दिन बाद, 9 मई को आयोजित किए गए। सरकार ने 3 जून को अस्थायी सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया है।

पिछले शुक्रवार को संवैधानिक न्यायालय के फैसले के तुरंत बाद राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों का पंजीकरण शुरू कर दिया था।

योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, चुनाव के तुरंत बाद नए राष्ट्रपति बिना किसी ट्रांजिशन टीम के पदभार ग्रहण करेंगे।

# पाकिस्तान : 11,371 से अधिक अफगान शरणार्थी जबरन निर्वासित, कार्रवाई जारी

**इस्लामाबाद। पाकिस्तान** ने 11,371 अफगान शरणार्थियों को तोरखम सीमा के जरिए जबरन अफगानिस्तान वापस भेज दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मंगलवार को 3,669 से अधिक अफगान शरणार्थियों को सीमा पार भेजा गया।

सरकार के शरणार्थियों को वापस भेजने के फैसले की वजह से बड़ी संख्या में अफगानी प्रभावित हुए हैं। अफगान शरणार्थी पाकिस्तान में दशकों से रह रहे हैं और इनमें ऐसे लोगों की संख्या भी शामिल है जिनका जन्म भी यहीं हुआ और वह कभी अफगानिस्तान नहीं गए।

31 मार्च को समय सीमा समाप्त होने के बाद, पूरे देश में अफगान शरणार्थियों पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस और जिला प्रशासन की टीमें अभियान चला रही हैं।

कुछ निर्वासित लोगों ने कहा कि उन्हें काम करते समय पाकिस्तानी पुलिस ने गिरफ्तार किया और अफगानिस्तान भेज दिया जबकि उनका परिवार पीछे छूट गया। अफगान मीडिया आउटलेट टोलो न्यूज ने निर्वासित गुल मोहम्मद के हवाले से बताया, "मैं फल बाजार में एक छोटा सा होटल व्यवसाय चलाता था। पुलिस ने मुझ पर छापा मारा, मुझे खैबर पख्तूनख्वा के हाजी कैंप में चार रातों तक हिरासत में रखा और अब मुझे तोरखम के रास्ते निर्वासित कर दिया है।"

देश के प्रमुख दैनिक 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के अनुसार, रावलपिंडी में अफगान दुकानदारों ने अपना सामान बेचने में लगे और अपनी दुकानें बंद कर रहे हैं। इनमें



से कई गायब हो गए हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कई अफगानियों की दुकानें या तो बंद हो गई हैं या बेच दी गई हैं। शहर और छावनी में कई प्रसिद्ध अफगान होटल अब चालू नहीं हैं।

अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को एक कड़ा बयान जारी किया पाकिस्तान से अफगान शरणार्थियों के जबरन निर्वासन की निंदा की। इसमें वापसी की प्रक्रिया को इस्लामी सिद्धांतों, मानवीय मूल्यों और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताया।

मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि शरण मांगने वाले अफगान परिवारों की भलाई के लिए भी नुकसानदायक है।

बयान में कहा गया, "अफगानिस्तान इन शरणार्थियों की सुरक्षित वापसी की तैयारी कर रहा है और अपील करता है कि उन्हें अपनी संपत्ति अपने साथ वापस लाने की अनुमति दी जाए।"

# यमन में अमेरिकी हवाई हमलों में 6 लोगों की मौत, 15 घायल

**सना। हूती** विद्रोहियों द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी और स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, मंगलवार को यमन में कई अमेरिकी हवाई हमले हुए, जिसमें कम से कम छह लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, लाल सागर के बंदरगाह शहर होदेइदाह में छह लोगों की मौत हुई है और 13 घायल हुए हैं। हमला, अमीन मुकबिल इलाके के एक रिहायशी इलाके पर हुआ। वहीं, धमार प्रांत में दो अन्य लोग घायल हुए, जहां एक खेत पर हमला हुआ था।

हूती टेलीविजन और स्थानीय निवासियों के अनुसार, पश्चिमी-मध्य प्रांत अमरान और मध्य प्रांत इब्ब के दूरसंचार बुनियादी ढांचे पर जबरदस्त बमबारी हुई।



हूती टेलीविजन ने कहा कि नागरिक सुरक्षा दल लक्षित सुविधाओं में आग बुझाने के लिए काम कर रहे हैं।

इससे पहले अमेरिका ने मंगलवार को हूती विद्रोहियों के ठिकानों के खिलाफ अपने सैन्य अभियान को तेज कर दिया। उन्होंने कुल 50 हवाई हमले किए।

इन हमलों को लेकर अमेरिकी सेना ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन उसने पहले बयानों में कहा था कि वह तब तक प्रतिदिन हवाई हमले करना जारी रखेगा, जब तक कि हूती लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों और अमेरिकी युद्धपोतों पर हमला करना बंद नहीं कर देता।

अमेरिका के लगातार हवाई हमलों का असर हूती समूह पर पड़ता नहीं दिख रहा है, जो इस क्षेत्र में अमेरिकी और इजरायल की शिप्स पर हमले जारी रखे हुए है। हूती विद्रोहियों का दावा है कि उनके हमले अमेरिका समर्थित इजरायल पर दबाव डालने के लिए हैं।

# ट्रंप की चेतावनी, फार्मा इंडस्ट्री के लिए टैरिफ छूट जल्द समाप्त होगी

**न्यूयॉर्क। अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि फार्मास्यूटिकल्स को रेसिप्रोकल टैरिफ से दी गई छूट जल्द समाप्त हो जाएगी।

भारत अमेरिका को बड़ी मात्रा में फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात करता है।

मंगलवार रात को उन्होंने कहा, "हम बहुत जल्द ही फार्मास्यूटिकल्स पर एक बड़ा टैरिफ लगाने की घोषणा करने जा रहे हैं।"

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब अमेरिका की ओर से लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ बुधवार से प्रभावी हो गए हैं।

उन्होंने वाशिंगटन में नेशनल रिपब्लिकन कांग्रेसनल कमेटी के डिनर में अपने भाषण में चीन का जिक्र किया, लेकिन भारत का जिक्र नहीं किया, जो कि अपने फार्मा निर्यात का 31.5 प्रतिशत अमेरिका को भेजता है।

अमेरिका की ओर से भारत पर 27 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने का ऐलान आखिरी बुधवार को किया गया था।

ट्रंप ने कहा कि जब फार्मा कंपनियों को टैरिफ की जानकारी मिलेगी, वे चीन और अन्य देशों को छोड़ देंगी, क्योंकि उन्हें अपने ज्यादा उत्पादन अमेरिका में बेचने हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा, "टैरिफ के बाद सभी फार्मा कंपनियां पूरे देश के अगले हिस्सों में प्लांट



खोलेंगी।"

जब राष्ट्रपति ट्रंप ने पिछले सप्ताह रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा की, तो उन्होंने फार्मास्यूटिकल्स, कॉपर, सेमीकंडक्टर, लकड़ी, बुलियन, एनर्जी और कुछ मिनरल को टैरिफ से छूट दी, क्योंकि यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

रेसिप्रोकल टैरिफ में फार्मास्यूटिकल्स को राहत इसलिए मिली क्योंकि आयातित दवाएं, विशेष रूप से भारत से आने वाली जेनेरिक दवाएं, अमेरिकी हेल्थ सिस्टम की लागत को कम रखने में मदद करती हैं, जो दुनिया में सबसे महंगे हेल्थ सिस्टम्स में से एक है।

भारत और अमेरिका एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं, जिससे टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सके।

हेल्थकेयर डेटा और एनालिटिक्स कंपनी आईक्यूवीआईए ने कहा कि 2022 में अमेरिका में दिए गए दस में से चार प्रिस्क्रिप्शन भारतीय कंपनियों के थे।

अमेरिका द्वारा रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने के बाद ट्रेड वार की स्थिति पैदा हो गई है। पिछले सप्ताह चीन द्वारा घोषित 34 प्रतिशत टैरिफ के जवाब में अमेरिका ने चीन से आयात पर अतिरिक्त 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया। अतिरिक्त 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने से चीनी आयात पर अमेरिकी टैरिफ 104 प्रतिशत हो जाएगा। ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ ने मंदी की आशंकाओं को बढ़ा दिया है।

# द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर की चर्चा

**लिस्बन। राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को लिस्बन में 'असेम्बलीया दा रिपब्लिका' या पुर्तगाली संसद के अध्यक्ष जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने विभिन्न द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। वे इस बात पर सहमत थे कि भारत और पुर्तगाल की संसदों के बीच नियमित आदान-प्रदान से संबंधों को मजबूती मिलेगी।

राष्ट्रपति मुर्मू का जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको ने 'असेंबलिया दा



रिपब्लिका' पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्हें औपचारिक 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

विदेश मंत्रालय ने कहा, "राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'असेंबलीया दा रिपब्लिका' के अध्यक्ष जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको के साथ उपयोगी वार्ता की। दोनों पक्षों ने भारत-पुर्तगाल संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

# जब दिन हो ऐतिहासिक तो खास दोस्त का होना भी जरूरी

**रूस**

**रूस** ने इस साल विजय दिवस परेड में शामिल होने के लिए कई मित्र देशों के नेताओं को निमंत्रण भेजा है। जनवरी 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, सोवियत सेना ने जर्मनी के खिलाफ एक आक्रामक अभियान शुरू किया, जो लाल सेना की जीत के साथ समाप्त हुआ। इसके बाद, 9 मई को कमांडर-इन-चीफ ने जर्मनी के बिना शर्त आत्मसमर्पण के अधिनियम पर हस्ताक्षर किए, जिससे युद्ध समाप्त हो गया। पीएम मोदी की रूस की पिछली यात्रा जुलाई 2024 में हुई थी, जो लगभग पांच वर्षों में उनकी पहली विदेश यात्रा थी। प्रधानमंत्री ने 2019 में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए सुदूर पूर्वी शहर व्लादिवोस्तोक का दौरा किया था।

रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको ने कहा कि रूस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 9 मई को विजय दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है, जो द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर सोवियत रूस की जीत की 80वीं वर्षगांठ है। मॉस्को को 9 मई की परेड में भारतीय प्रधानमंत्री के आने की उम्मीद है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# भारत और यूएई ने आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली। भारत** और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौते दुबई के क्राउन प्रिंस और यूएई के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की भारत यात्रा के दौरान हुए।

भारत और यूएई के बीच किए गए समझौतों में अहम फैसला भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद (आईआईएम-ए) के कैंपस को दुबई में स्थापित करने का है। इस कैंपस में पहला एमबीए प्रोग्राम सितंबर 2025 में शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) का पहला विदेशी कैंपस भी दुबई में एक्पो सिटी में स्थापित किया जाएगा।

इसके अलावा, भारत-यूएई मित्रता अस्पताल की स्थापना के लिए दुबई में भूमि आवंटित करने, कोच्चि और वाडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर्स के विकास और भारत मार्ट के निर्माण कार्य की शुरूआत की घोषणा की गई है। इन समझौतों के तहत दुबई चेम्बर ऑफ कॉमर्स में एक भारतीय कार्यालय भी खोला जाएगा, जो व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने का काम करेगा।

आईआईएम- अहमदाबाद और आईआईएफटी के कैंपस का दुबई में स्थापित होना दोनों देशों के बीच शैक्षिक सहयोग को और प्रगाढ़ करेगा। इससे दुबई और यूएई को एक प्रमुख वैश्विक शैक्षिक केंद्र के रूप में उभरने में मदद मिलेगी। पिछले साल अबू धाबी में आईआईटी का पहला मध्य-पूर्व कैंपस खोला गया था।



इन पहलों का फायदा यूएई में बसे 4.3 मिलियन भारतीय समुदाय और खाड़ी क्षेत्र में करीब 9 मिलियन भारतीयों को होगा। भारत और यूएई के बीच व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए भारत मार्ट और वर्चुअल ट्रेड कॉरिडोर (वीटीसी) की घोषणा की गई है। वीटीसी और मैत्री इंटरफेस को सपोर्ट करने के लिए किए गए उपायों से द्विपक्षीय व्यापार को और बढ़ावा मिलेगा। सीईपीए (कंप्रिहेन्सिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट) लागू होने के बाद से दोनों देशों के बीच व्यापार कई गुना बढ़ा है। इन पहलों के माध्यम से द्विपक्षीय व्यापार 97 बिलियन डॉलर के पार जाने की उम्मीद है और गैर-तेल व्यापार का लक्ष्य 100 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है।

भारत में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी यूएई के लोग बड़ी संख्या में आते हैं। यूएई के कई शाही परिवारों के सदस्य भी भारत के स्वास्थ्य और कल्याण प्रणाली से लाभान्वित हुए हैं। इस योगदान के प्रतिकार के रूप में दुबई सरकार ने दुबई में 'भारत-यूएई मित्रता अस्पताल' की स्थापना के लिए भूमि आवंटित की है। इस अस्पताल का मुख्य उद्देश्य यूएई में बसे भारतीय समुदाय के नीले-कॉलर श्रमिकों को सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना होगा।

इसके अलावा, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और ड्राइडॉक वर्ल्ड (डिपी वर्ल्ड कंपनी) ने शिप रिपेयर क्लस्टर्स के विकास के लिए एक समझौता किया है, जो भारत में शिप रिपेयर इकोसिस्टम में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करेगा और अतिरिक्त क्षमता जोड़ने में मदद करेगा।

भारत और यूएई के बीच व्यापारिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए दुबई चेम्बर ऑफ कॉमर्स में भारतीय कार्यालय की स्थापना भी एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय कंपनियां दुबई के पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी, हेल्थकेयर, रिटेल, शिक्षा और मनोरंजन क्षेत्रों में शीर्ष निवेशक हैं। हर साल, भारतीय कंपनियां दुबई चेम्बर ऑफ कॉमर्स में नई कंपनियां पंजीकरण कराती हैं, जो दुबई की कंपनियों में 30-40 प्रतिशत का योगदान देती हैं।